12- JULY- BSP- PG-1_Layout 1 7/13/2024 12:22 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 27.4 डिग्री


# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024




शिव टाकीज चौक पर सड़क पर कचरा फैला हुआ है। जिससे आसपास का इलाका प्रदूषित हो रहा है।




(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830


# जिला अस्पताल में भर्राशाही: डायलिसिस कराने जा रहे मरीजों से स्टाफ मांग रहा पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन की ओर से सरकारी अस्पतालों में फ्री डायलिसिस की सुविधा मुहय्या कराई गई है, लेकिन जिला अस्पताल में डायलिसिस कराने पहुंच रहे मरीजों दवा और रूटिन माइक्रोस्कोपी के नाम पर 650 रूपए लिए जा रहे हैं, इस बात की भनक प्रबंधन को भी है लेकिन कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

किडनी के मरीजों के लिए राज्य सरकार द्वारा सभी मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल में फ्री डायलिसिस की सुविधा दी जाती है, लेकिन इस सुविधा के नाम पर जिला अस्पताल के स्टाफ द्वारा मरीजों से जबरिया वसूली की जा रही है। यह वसूली दवा और आरएन कराने के नाम पर ली जाती है। बताया जा रहा है कि ऐसा कई महीनों से चल रहा है और इसकी जानकारी प्रबंधन को भी है, लेकिन प्रबंधन कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत का इंतजार रहा है। मरीज और उनके परिजन प्रबंधन के खिलाफ कुछ भी बोलने से बचते हैं। खास बात यह है कि स्टाफ द्वारा जिला अस्पताल के सामने मौजूद मेडिकल स्टोर का पता देकर भेजा जाता है, जहां 400 रूपए की दवा दी जाती है। वहीं रूटीन माइक्रो स्कोप से जांच कराने के नाम पर 150 रूपए लिए जाते हैं, जबकि यह जांच निजी टेस्ट सेंटर में महज 40 से 50 रूपए में हो जाती है।

- दवा और आरएन कराने मांगी जाती है राशि

## सिविल सर्जन ने कहा- शिकायत मिलने पर की जाएगी कार्रवाई



जिला अस्पताल में डायलिसिस के लिए भर्ती मरीज।

**ठेके पर चल रहा है डायलिसिस** : जानकारी के अनुसार डायलिसिस करने के लिए प्रबंधन द्वारा कोलकाता की कंपनी संजीवनी डायलिसिस के ठेका दिया गया है। कर्मचारी और टेक्नीशियन भी कंपनी के ही हैं, लेकिन ये प्रबंधन के लोगों के साथ मिलकर डायलिसिस के लिए मरीजों से अवैध वसूली कर रहे हैं।

### मरीजों को जांच के लिए घुमाता है स्टाफ

मरीज के परिजनों ने बताया कि रूपए नहीं देने पर स्टाफ के द्वारा अलग-अलग जांच के लिए घुमाया जाता है, जबकि मरीज और परिजन पेंड्रा, मरवाही, सारंगढ़, जांजगीर और अन्य क्षेत्रों से डायलिसिस कराने पहुंचते है। वहीं इमरजेंसी में मरीज आने पर स्टाफ की डिमांड ओर भी बढ़ जाती है। बताया जा रहा है कि तब टेक्नीशियन के द्वारा हजार रूपए की मांग की जाती है।

### शिकायत मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

मेरी जानकारी में डायलिसिस विभाग में किसी प्रकार के पैसे रूपए लेने की शिकायत नहीं मिली है। अगर इस बारे में मरीज और परिजन शिकायत करते हैं तो कार्रवाई जरूर की जाएगी।

- **डॉ अनिल गुप्ता**, सिविल सर्जन

## गर्मी से मिली थोड़ी राहत : कई जगहों पर पानी भराव की समस्या

# झमाझम बारिश ने बदला मौसम का मिजाज



शुक्रवार की दोपहर हुई तेज बारिश से बिलासा गर्ल्स कालेज में भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हफ्ते भर बाद शुक्रवार की शाम 4 बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू होते ही मौसम का मिजाज बदल गया है। इस दौरान गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं एक लय से हो रही बारिश का सभी ने लुफ्त भी उठाया। हालांकि शहर के कुछ जगहों पर पानी भरने की नौबत आई। इस दौरान पुराना बसस्टैंड, मेडिकल काम्प्लेस रोड, सरजू बगीचा, कश्यप कालोनी के आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित हुई लेकिन कम होती बारिश के बाद बहाव भी कम होता गया।

शुक्रवार की शाम राहत की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिला दी, सुबह जब लोगों की आंख खुली तो मौसम का मिजाज बदला-बदला था, कहीं-कहीं पर बूंदाबांदी होती रही, लेकिन 9 बजे के बाद आसमान पर सिर्फ उमड़ते बादल ही थे। शाम करीब 4 बजे काली घटाओं के बीच हलचल होते ही गर्जना के साथ ही बारिश का दौर शुरू हो गया। इस दौरान एक लय में बारिश होती रही, झमाझम बारिश होने के बाद लोगों को उमस से काफी राहत मिली। इस दौरान तापमान में मामूली कमी आई और अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के भीतर अच्छी बारिश होने के आसार है, चक्रवाती परिसंचरण बिहार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है, निम्न दाब की स्थिति होने के कारण बारिश की प्रबल संभावनाएं है।



### नाली जाम, सड़कों पर भरा पानी

शहर में सफाई व्यवस्था चौपट है ऐसे में बारिश होते ही कई जगहों पर पानी भरने की नौबत आ गई। सरजू बगीचा में मुख्य सड़क पर ही घुटने तक पानी भर गया, इस जगह हर बार पानी भरने की नौबत आती है, अतिक्रमण के चलते नालियों से पानी बहाव नहीं हो पा रहा है। वहीं मेडिकल कॉम्प्लेस के ठीक सामने मुख्य सड़क पर नाली जाम होने के कारण पानी सड़क से होकर गुजरता रहा, इस दौरान लोगों को खासी दिक्कतें भी हुई। यही हाल पुराना बसस्टैंड रोड का भी रहा, जहां करोड़ों रूपए फुंकने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### बिजली बंद, फ्यूज कॉल भी रहे बिजी

बारिश होने के बाद बिजली में फाल्ट की समस्या बढ़ गई, इस दौरान तिफरा क्षेत्र के यदुनंदन नगर में एक छोटा पेड़ बिजली के केबल पर गिर गया, जिससे घंटों बिजली बंद रही। वहीं करबला रोड, जूना बिलासपुर और पुराना बसस्टैंड के आसपास के क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। अशोक नगर, सीपत रोड में भी करीब 2 घंटें तक बिजली बंद रही। वहीं ढेका सबस्टेशन में आसमान बिजली के चलते करीब 3 घंटें तक आसपास के क्षेत्र में बिजली बाधित रही।



## सिद्धांत नागवंशी खुदकुशी मामला

# होटल व्यावसायी रायपुर से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन के लेनदेन को लेकर सिद्धांत नागवंशी खुदकुशी मामले में जांच के बाद शहर के बड़े होटल व्यवसायी दीपेश चौकसे को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने उक्त आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में उक्त मामले में कांग्रेस नेता अकबर खान सहित तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज किया था।

सकरी पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी 2022 को कुम्हारपारा निवासी सिद्धांत नागवंशी ने सकरी क्षेत्र में अपनी मामी के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के माता पिता ने कांग्रेस नेता अकबर खान एवं उसके साथियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद सकरी पुलिस ने 1 जनवरी 2014 को मामले में अकबर खान, मिनाक्षी बंजारी, सेबू उर्फ फैजान खान के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। मृतक के माता पिता ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी से मामले में शहर के होटल व्यवसायी रायपुर निवासी दीपेश चौकसे पिता दिनेश चौकसे पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर उसके खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग की थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सकरी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर विवेचना के बाद आरोपी दिपेश चौकसे के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करने का आरोपी बनाया गया। शुक्रवार को सकरी पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर दिपेश चौकसे को पकड़ लिया, उसे शहर लाया गया। पुलिस ने उक्त मामले में धारा 306, 34 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

- जांच के बाद बनाया गया आरोपी
- माता- पिता ने लगाई थी मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी से गुहार

### फरार है पूर्व पार्षद

वर्तमान में आरोपी अकबर खान सरकण्डा चांटीडीह निवासी कांग्रेस नेता रज्जब अली खुदकुशी मामले में जेल में बंद है। वहीं उसका साथी पूर्व पार्षद तैय्यब हुसैन फरार है। सिद्धांत नागवंशी खुदकुशी मामले में अकबर खान व सेबू उर्फ फैजान की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं आरोपी मीनाक्षी बंजारी जमानत पर है।

### गिरफ्तार किया गया है

खुदकुशी के मामले की जांच में आरोपी दिपेश चौकसे द्वारा मृतक के माध्यम से चेक व आरटीजीएस से 40 लाख रुपए एडवांस देना पाया गया है। जांच के बाद उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर रायपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

- **रजनेश सिंह** एसपी

### क्या है मामला

बताया जाता है मृतक सिद्धांत नागवंशी घर की आर्थिक स्थिति खराब होने पर रेलवे में सफाई ठेकेदार अकबर खान के साथ काम कर रहा था। इससे उसकी जान पहचान दिपेश चौकसे हो गई थी। उसने दिपेश को बताया श्रीकांत वर्मा मार्ग में मिनाक्षी बंजारी की जमीन है और उसका भतीजों के साथ विवाद चल रहा है। दिपेश व अकबर खान ने मिनाक्षी से मिलकर उक्त जमीन का 12 करोड़ में सौदा तय कर लिया और सिद्धांत के हाथों चेक व आरटीजीएस के माध्यम से उसे 40 लाख रुपए एडवांस दिलाया। किन्तु विवाद में जमीन का सौदा फंस गया। दिपेश व उसके साथी एडवांस रकम 40 लाख रुपए वापस दिलाने के लिए प्रताड़ित करने लगे, दूसरी ओर मिनाक्षी बंजारी रकम नहीं लौटाने के लिए प्रताड़ित करने लगी। इससे त्रस्त होकर सिद्धांत ने खुदकुशी कर ली थी।

## बिलासपुर में 74 फीसदी बोनी, पिछड़ रहा रोपा

धान की बोनी के लायक बारिश होने से जिले में 74 फीसदी बोनी का काम पूरा हो गया है, लेकिन खेतों में रोपा लगाने लायक पानी नहीं होने से असिंचित इलाकों में रोपा का काम पिछड़ गया है, वर्तमान में सिंचाई के साधन वाले किसान ही धान का रोपा लगा रहे हैं। अब तक 27 फीसदी धान का रोपा लग सका है। इस वर्ष करीब पौने दो लाख हेक्टेयर खेत में धान की बोआई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विपरीत लगभग 88 हजार हेक्टेयर भूमि में ही धान की बोआई हुई है। पहले जून में झमाझम वर्षा हुई वहीं जूलाई की शुरूआत में ही अच्छी बारिश भी देखी गई, लेकिन पिछले 7 दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं हुई, जिन किसानों के पास सिंचाई का साधन है, वे धान का रोपा लगा रहे हैं। पूरे आषाढ़ माह में हुई बारिश ऊंट के मुंह मे जीरे के समान रही। खेती बाड़ी लायक वर्षा न होने से किसान चिंतित हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 1 लाख 76 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाई जानी है, 15 हजार हेक्टेयर में रोपा लगाया जा चुका है, जो लक्ष्य का 27 फीसदी है। धान का रोपा 31 जुलाई तक लगाया जाता है, वर्तमान में रोपा लगाने के लिए एक पखवाड़े से भी अधिक समय है, बारिश होने पर तेजी से काम शुरू हो जाएगा।

### तेजी से चल रहा है काम

जिले में बारिश के कारण रोपा लगाने का काम धीमा है, लेकिन बोनी की स्थिति ठीक है। बारिश थोड़ी कम है, ऐसे सिंचित भूमि में काम तेजी से चल रहा है। बारिश होने की उम्मीद है और फसल अच्छी ही होगी।

- **अनिल कौशिक**, सहायक संचालक

## 31 जुलाई तक सदस्यों को आधार ई-केवायसी कराना अनिवार्य

# आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया तो राशन से हो जाएंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा परिवारों के पास दो राशन कार्ड हैं। यह गड़बड़ी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वन नेशन वन राशन कार्ड योजना लागू करने के कारण उजागर हुई है। इसके बाद विभाग द्वारा आधार प्रमाणीकरण किया जा रहा है। प्रशासन परिवारों से पूछ रहा है कि वह कौन सा राशन कार्ड आगे चलाना चाहते हैं। साथ ही दूसरे राशन कार्ड को निरस्त किया जा रहा है। साथ ही डबल राशन कार्ड के मामले सामने आने के बाद शासन ने सख्त रुख अख्तियार कर 31 जूलाई तक कार्ड के सभी सदस्यों को आधार ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के मुताबिक एक-एक सदस्य का आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। ऐसा नहीं होने पर उपभोक्ता राशन के लिए अपात्र होंगे। ज्ञात हो कि वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत केंद्र सरकार ने देशभर के राशन दुकानों और कार्डधारियों को एनआइसी (नेशनल इंफार्मेशन सेंटर) सर्वर से जोड़ दिया है। इसके साथ ही आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया करने के बाद दो-दो राशन कार्ड का रिकार्ड खंगाला गया है।

### हर राशन कार्ड को आधार से जोड़ रहे

केंद्र सरकार ने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना की शुरुआत नौ अगस्त 2020 को की थी। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) के तहत कवर किए गए लाभार्थी अपनी पसंद के किसी भी इलेक्ट्रानिक पाइंट आफ़ सेल डिवाइस (ई-पीओएस)-लैस राशन की दुकानों से सब्सिडी वाले खाद्यान्न को प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के साथ अपने मौजूदा राशन कार्ड का उपयोग करना होगा। इसलिए ही प्रत्येक राशन कार्ड को आधार से जोड़ा जा रहा है।

### दूसरे हितग्राहियों के नाम पर आधार

वर्तमान में शत-प्रतिशत व त्रुटिरहित आधार नंबर दर्ज के लिए प्रत्येक हितग्राही के आधार कार्ड को राशन दुकानों, फूड इंस्पेक्टर व क्यूआर कोड को स्कैन कर जांच कराया जा रहा है। इन जगहों पर कई गड़बडियां सामने आ रही हैं। राशन दुकानों में हितग्रहियों के आधार कार्ड की जांच व क्यूआर कोड स्कैन करने पर कई हितग्राहियों के आधार नंबर दूसरे हितग्राहियों के नाम पर एंट्री पाया गया है। ध्यान रहे कि केंद्र के वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत आधार कार्ड नहीं बनवाने वाले हितग्राहियों से शीघ्र आधार कार्ड कार्ड के साथ जमा करने को कहा जा रहा है। आगामी दिनों में आधार कार्ड का क्यूआर कोड स्कैन नहीं कराए हितग्राही का राशन आवंटन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।



### आधार प्रमाणीकरण के दौरान मिल रही गड़बड़ी, सुधार भी हो रहा

फैक्ट फाइल

- जिले में बीपीएल कार्डधारी - तीन लाख 90 हजार 843
- जिले में प्राथमिकता वाले कार्डधारी- दो लाख 97 हजार 832
- जिले में अंत्योदय राशन कार्डधारी- - 88 हजार 413
- जिले में अन्नपूर्णा राशन कार्डधारी- 211
- जिले में निराश्रित कार्डधारी - तीन हजार 774

### रिकार्ड खंगाले गए हैं

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत दो राशन कार्ड के रिकार्ड खंगाले गए हैं और उन्हें निरस्त किया जा रहा है। 31 जुलाई तक कार्ड के सभी सदस्यों का आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है।

- **अनुराग सिंग भदौरिया**, खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में मिलेगी छूट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों, जिनकी आयु 80 वर्ष या उससे अधिक है, उन्हें एक परिचारक सहित यात्री बस किराए में 100 प्रतिशत छूट प्रदान करने का फैसला लिया गया है। परिवहन विभाग द्वारा अध्यक्ष बस संचालन एसोसिएशन को परिपत्र जारी किया गया है। इस परिपत्र में सभी बस मालिकों सहित चालक एवं परिचालकों को अवगत कराए जाने तथा संबंधित वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश का परिपालन यदि किसी बस परिचालक नहीं किया जाता है तो मोटरयान अधिनियम की धारा-86 के तहत संबंधित यात्री बस की अनुज्ञा पत्र एवं परिचालक के खिलाफ धारा-34 के अधीन निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

### एयू में 22 को होगी प्रवेश परीक्षा

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। इस बार यूनिवर्सिटी द्वारा सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए 21 जुलाई को प्रवेश परीक्षा आयोजित करने वाली थी जिसे अब परिवर्तित कर 22 जुलाई कर दिया गया है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जारी निर्धारित प्रवेश परीक्षा तिथि में राज्य पात्रता परीक्षा सेट के कारण 21 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा अब परिवर्तित तिथि 22 जुलाई को होगी।

### बेतवा एक्सप्रेस 16, 17 को रद्द

**बिलासपुर।** नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते 16 और 17 जुलाई को बेतवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रेलवे के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल के अंतर्गत रगौल – भरवां सुमेरपुर – यमुना साउथ बैंक लाइन दोहरीकरण कार्य के लिए खरियार-भीमसेन रेलखंड में 17 जुलाई को नॉन-इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18203 दुर्ग-कानपुर, बेतवा एक्सप्रेस 16 जुलाई' व गाड़ी संख्या 18204 कानपुर- दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस 17 जुलाई को रद्द रहेगी।

### 13, 20 और 27 को नहीं चलेंगी 2 ट्रेनें

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से गुजरने वाली 2 ट्रेनें 13, 20 और 27 जुलाई को कैंसिल रहेंगी। चक्रधरपुर रेल मंडल के तहत मेगा ब्लॉक को लेकर अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। परिचालन स्थगित होने पर यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेल प्रशासन ने खेद जताया है। 13, 20 और 27 जुलाई को टाटानगर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस से रवाना होने वाली 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस -टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।


ये शुभ दिन आपके जीवन में आए बार-बार और हम
आपको जन्मदिन की मुबारक कहते रहें हर बार।
दानपेटी
अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत मस्तुरी
भाजपा नेता
श्री रामनारायण राठौर जी
को जन्मदिन की
मंगलमय बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सावित्री
रामनारायण राठौर
अध्यक्ष
जनपद पंचायत मस्तूरी
गोपर पटेल
जनपद सदस्य क्र. 07 सीपत
अभिलेश यादव
श्रीमती रेवती छबि सिंह श्याम
जनपद सदस्य क्र.1 सोठी
श्रीमती अंजनी लक्ष्मी साहू
जनपद सदस्य क्र. 3 लुतरा
श्रीमती मेघा सुनील भाई
जनपद सदस्य क्र. 6 सीपत
श्रीमती अनीता साहू
जनपद सदस्य क्र.10 जयरामनगर
श्रीमती गायत्री कश्यप
जनपद सदस्य क्र. 12 दर्रीघाट
श्रीमती सुनीता सोल्डे
जनपद सदस्य क्र.17 बकरकुदा
श्रीमती दुर्गेश्वरी साहू
जनपद सदस्य क्र. 18 धुर्वाकारी
श्रीमती शीला अशोक दिवाकर
जनपद सदस्य क्र. 20 भरारी
श्रीमती राजकुमारी शिवज जगत
जनपद सदस्य क्र. 21 मानिकचौरा
श्रीमती ममता सुनील तिवारी
जनपद सदस्य क्र. 23 लाहस

बिलासपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

## शिविर

### छात्र मोबाइल, लैपटॉप में व्यस्त आंख संबंधित आ रही समस्या



**बिलासपुर।** फार्माविजन महानगर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपने नेत्रों का परीक्षण करवाया। शिविर का आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था।

- **राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन**

शिविर में विनायक नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों और फार्माविजन की कुशल टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर नेत्र रोगों की पहचान, उपचार और रोकथाम के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। छात्रों से बात करते हुए डॉ ललित मखीजा ने कहा कि इस ऑनलाइन और टेक्नोलॉजी के युग में छात्र समुदाय मोबाइल, लैपटॉप में व्यस्त तो है किंतु युवाओं को इससे संबंधित जो समस्या हो रही है उससे जागरूकता में कमी आई है। अभाविप की ये पहल सराहनीय है। प्रदेश संयोजक आयुष तिवारी ने कहा कि अभाविप के स्थापना दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर पर यह शिविर समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ ललित माखीजा, अभाविप केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य शुभम जायसवाल, प्रदेश फार्माविजन प्रमुख डा दिनेश मिश्रा, विभाग संयोजक हेमांशू कौशिक, इकाई अध्यक्ष अराध्य तिवारी, इंधीवर शुक्ला, सक्षम पाठक की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फॉर्मेसी डिपार्टमेंट के विद्यार्थी रमाशंकर साहू, ईशा साहू , आंचल एवं आयुषी का एहम योगदान रहा।

## सिकासा ने किया सीए बनने वाले युवाओं का सम्मान

# ज्ञान, मेहनत व समर्पण से मिलती है सफलता

सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टूडेंट्स एसोसिएशन बिलासपुर ब्रांच द्वारा सभी विद्यार्थी जिन्होंने सी.ए की परीक्षा में सफलता हासिल की उनका सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में सी.ए ओम मोदी, सी.ए संजय मिश्रा, सी.ए अंशुमान जजोदीआ, सी.ए उदित सोनी एवं सी.ए अंशिता अग्रवाल की उपस्थिति रही। प्रोग्राम की शुरुवात सिकासा चेयरमैन उदित सोनी ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदित्य अग्रवाल ने सीए फाइनल्स परीक्षा में एआईआर 9 प्राप्त पूरे भारत में बिलासपुर शहर का नाम रोशन किया है साथ ही, भविष्य अग्रवाल को भी बिलासपुर में सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉपर बनने के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में, अन्य छात्रों को भी व्यापक रूप से प्रशंसा मिली, जिन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए सफलतापूर्वक परीक्षा दी और पास की। सम्मानित छात्रों ने अपनी मेहनत, समर्पण और ज्ञान से सबको प्रेरित किया।

### प्रगति पथ पर चलते रहो निरंतर

सीए उदित सोनी ने छात्रों का चयन होने पर कहा कि यह जीवन का पहला पड़ाव था, जिसे छात्रों ने बखूबी पूरा किया है, अब वे अपने नए क्षेत्र की शुरूवात करेंगे। जो कि एकेडमिक स्तर से बहुत अलग होता है, यहा हर कोई को चुनौतीयां तो आएंगी मगर जिस तरह इस परीक्षा की तैयारी कर सफलता हासिल की उसी तरह कर्म क्षेत्र में भी उसी लगन से काम कर प्रोफेशन से अपना परचम लहराओंगे।





### मन के हारे हार मन के जीते-जीत

सीए ओम मोदी ने कहा कि यहा बैठे छात्रों आज साबित कर दिया कि मन के हारे हार मन के जीते जीत। अगर जीवन में कोई भी काम को आप यह समझ लिए की यह नहीं हो पाएगा तो आप कितना भी कोशिश करोगे फिर भी यह काम नहीं होगा। अगर इसी को मन में ठान लिए कि मुझे यह हासिल करना है,तो दुनिया की कोई ताकत हासिल करने से नहीं रोक सकती है। चयनित छात्र इसका उदाहरण है,उनकी दृढ संकल्प से ही यह सफलता मिली है।

## आयोजन

### रोजगार की दिशा में बेहतर कार्य करने वालों का हुआ सम्मान



**बिलासपुर।** विश्वास वेलफेयर सोसायटी, नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर एवं बिलासपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में प्रार्थना सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें श्रेष्ठ कार्य हेतु चयनित युवाओं एवं एनजीओ के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण उपरांत रोजगार की दिशा में बेहतर कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने महात्मा गांधी व सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया गया। सोसायटी की डायरेक्टर संध्या चंद्रसेन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया। इसके बाद सोसायटी की ओर से नर्सिंग असिस्टेंट एवं सूक्ष्म व लघु मध्यम उद्योग के कोर्स पूर्ण किए छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट व मेडल देकर, नेहरू युवा केंद्र द्वारा 76 दिवसीय युवा मंडल विकास योजनान्तर्गत जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वैच्छिक रक्तदान, हरित व स्व-रोजगार अभियान के अंतर्गत किए गए श्रेष्ठ कार्य हेतु चयनित युवाओं एवं एनजीओ के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण उपरांत रोजगार की दिशा में बेहतर कार्य करने हेतु मुंगेली से अरुण साहू, राजेन्द्र टंडन, कोटा से एन.वाय.व्ही संजीव यादव, बिलासपुर से धनेश रजक, प्रतिभा जायसवाल, कु. स्वाति गुप्ता, योगाचार्य शुभम केशरवानी व कु. नीलिमा को श्रेष्ठ युवा सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्याम लाल निराला, डॉ दिनेश चंद्र यादव, अंकिता पांडेय, पायल लाठ, एम.एल. सोनी सहित अन्य युवा साथी शामिल रहे।

- **विश्वास वेलफेयर सोसायटी नेयुके, बिलासपुर पुलिस का आयोजन**

## बदलते मौसम से वायरल होने की आशंका, साफ पानी का ही करें सेवन

# बरसात में वायरल का खतरा बाहर के खानपान से बचें

बरसात का मौसम अभी शुरू ही हुआ है कि लोग बीमार होने लगे हैं। दिन में उमसभरी गर्मी और देर शाम बारिश से मौसम में बदलाव हो रहा है, जो सेहत को नुकसान करता है। इस बदलाव के मौसम में इंफेक्शन होने की आशंका बढ़ जाती है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि इस मौसम में डायरिया, पीलिया, वायरल फीवर जैसी बीमारी लोगों को अधिक होती है। इसकी मुख्य वजह दूषित पानी का सेवन व बारिश में भीगना है। इसी कारण यह बीमारी लोगों को हो जाती है, इसमें लोगों को बाहर के खान-पान को अवॉइड करना चाहिए और पानी भी शुध्द ही पीआ चाहिए। बारिश में ना भीगें इसका भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। बारिश के मौसम में कच्चा खाना से बचना चाहिए, कच्चा खाना हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस से संक्रमित हो सकता है। इस कारण बीमार पड़ सकते हैं, इसके अलावा इस मौसम में मेटाबॉलिज्म बहुत धीरे काम करता है, जिससे खाना पचने में काफी समय लगता है।

इन चीजों का करें सेवन डाइटीशियन आयुषी सराफ ने बताया कि इस मौसम में जल्दी पचने वाला ताजा और गर्म भोजन करना चाहिए। बरसात में पानी उबालकर पीना चाहिए ताकि बीमारियों से बचा जा सके। सेव, नाशपाती के जैसे मौसमी फल खाएं। टमाटर का सूप, बेसन की चीजें, हल्दी वाला दूध, पुराना चावल और अरहर का दाल, गुड़, मधु आदि का सेवन लाभप्रद होता है। शुगर के रोगी को मेथी का सेवन करना चाहिए। इस ऋतु मे गेहूं से बने खाद्य पदार्थ का सेवन करना चाहिए। वहीं पीपली, चित्रकमुल, अजवाइन, मिश्री, त्रिकटु मिश्रित जल का प्रयोग करना चाहिए। इस मौसम में मधु खाना चाहिए।

### भाजी से करें परहेज

बरसात के मौसम में पालक, मेथी, बथुआ, बैंगन, गोभी, पत्ता गोभी जैसी सब्जियां को खाने से परहेज करना चाहिए।



बरसात में बैक्टीरिया और फंगस इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। पत्तेदार सब्जियों के बीच कीड़े-मकोड़े तेजी से पनपने लगते हैं। इनका सेवन करने से पेट खराब हो सकता है। इसलिए इस मौसम में इन सब्जियों से परहेज करें। बारिश के मौसम में मशरूम के सेवन से भी बचना चाहिए। सीधे जमीन में उगने वाली मशरूम में इंफेक्शन होने का खतरा ज्यादा रहता है।

### स्ट्रीट फूड से बचें



डॉ शिखा अग्रवाल ने बताया कि बरसात का महीना कई जल जनित बीमारियों का घर है। इसमें डेंगू और वायरल जैसी बीमारी तेजी से लोगों को अपनी चपेट में लेती है। बारिश के मौसम में कभी भी खुले में रखे फल या किसी अन्य खाने की चीजें आपके सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए हमें बाहर मिलने वाले स्ट्रीट फूड से भी बचना चाहिए।

# साइबर फ्रॉड से बचने टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने की आवश्यकता



**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चलाए जा रहे चेतना अभियान के अंतर्गत दूसरे चरण में साइबर की पाठशाला में साइबर फ्रॉड से पीड़ितों की संख्या कम करने एवं जोखिम से बचाव के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरी विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड के सेवाकेन्द्र में संचालिका बीके स्वाति दीदी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 10 दिनों से ब्रह्माकुमारीज के भाई-बहनों द्वारा विभिन्न स्कूल, गार्डन, संस्थाओं आदि में जाकर साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर रहे हैं। एलआईसी एवं बैंकिंग व्यवस्था जितनी तेजी से डिजिटल हो रहा है, उतनी ही तेजी से ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर फ्रॉड की घटनाएं सामने आ रही है। आज डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड से लेकर यूपीआई के जरिए ठगी की जा रही है। कभी बीमा एजेंट बनकर या कभी बैंक कर्मचारी बनकर फोन करते हैं और अकाउंट खाली कर जाते हैं। आज इसी तारतम्य में राजयोग भवन सेवा केंद्र की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी एवं अंजू दुआ ने मगर पारा स्थित एलआईसी के मुख्य शाखा के प्रबंधक अनुराग अग्रवाल एवं एसबीआई बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक, अधिकारी एवं कर्मचारीयों को चेतना अभियान, साइबर की पाठशाला से अवगत कराकर लीफलेट नोटिस बोर्ड लगाया ताकि आने-जाने वाले ग्राहक उसे पढ़कर साइबर अपराध के प्रति जागरूक हो सके। इस अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने कहा कि साइबर अपराधों का जोखिम लगातार बढ़ रहा है और इसकी रोकथाम के लिए सिस्टम और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने की आवश्यकता है।

- **राजयोग भवन की ब्रह्माकुमारीज़ बहनों ने एलआईसी ऑफिस एवं बैंक में लगाई साइबर की पाठशाला**

### ग्राहकों को जागरूक होना जरूरी

पंजाब नेशनल बैंक की उपप्रबंधक शिखा कुमारी ने कहा कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचने के लिए समय समय पर निर्देश दिए जाते हैं परंतु अपराधियों द्वारा रोज नये तरीके से अपराध किए जा रहे हैं, जिसे रोकने के लिए ग्राहकों को जागरूक होना आवश्यक है। एसबीआई शाखा प्रबंधक सुनीता सिंह एवं व्यापार विहार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के उपप्रबंधक ने चेतना साइबर की पाठशाला में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

## धर्म क्षेत्र

### बगलामुखी देवी का धूमावती देवी के रूप में किया गया विशेष श्रृंगार



**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के सातवे दिन प्रातःकालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार धूमावती देवी के रूप में किया गया। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया अभिषेक किया गया। पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ मे श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी मंत्र के द्वारा 21हजार आहुतियाँ दी जा रही है, एवं रात्रि 12:30 बजे महाआरती संपन्न हो रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि सभी देवता मां पीताम्बरा बगलामुखी देवी की कृपा से संसार बनाते हैं सत्ता और सफलता प्राप्त करते हैं ब्रह्मा जी सृष्टि बनाने मे,विष्णु जी पालन करने में, और शिव जी विसर्जन करने में देवी की कृपा से सफल होते हैं।

- **सप्तमी पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई**

## जीएम इटियेरा ने खिलाड़ियों को दी बधाई

# पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में हमारा रेलवे जोन रनर अप

स्पोर्ट्स न्यूज

20वीं पुरुष एवं 14वीं महिला अखिल भारतीय अंतर रेल पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन मुंबई में किया गया। टूर्नामेंट में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के पावर लिफ्टिंग टीम ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए 46 अंक अर्जित कर रनर अप का खिताब अपने नाम किया।

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे की रनर अप विजेता टीम के खिलाड़ियों ने आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर पहुंचकर महाप्रबंधक नीनु इटियेरा से भेंट की। महाप्रबंधक ने टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही साथ उन्होंने भविष्य में भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों द्वारा इसी तरह प्रदर्शन की कामना के साथ उन्हें शुभकामनाएं दी।



### पुरुष में इन्होंने जमाया कब्जा

पुरुष वर्ग में 83 किलोग्राम वर्ग समूह में बीजिन सेंकी ने स्कोट 310 किलोग्राम, बेंच प्रेस 190 किलोग्राम एवं डेड लिफ्ट 300 किलोग्राम कुल 810 किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### महिला वर्ग में इन्हें मिला इनाम

टूर्नामेंट के महिला वर्ग में 57 किलोग्राम वर्ग समूह में ममता रजक ने स्कोट 180 किलोग्राम, बेंच प्रेस 97.5 किलोग्राम एवं डेड लिफ्ट 192.5 किलोग्राम कुल 470 किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में रजत पदक जीता। वहीं इसी वर्ग समूह में जे. रामालक्ष्मी ने स्कोट 165 किलोग्राम, बेंच प्रेस 125 किलोग्राम एवं डेड लिफ्ट 177.5 किलोग्राम कुल 467.5 किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में कांस्य पदक प्राप्त किया। 63 किलोग्राम वर्ग समूह मे संतोसी माझी ने स्कोट 180 किलोग्राम, बेंच प्रेस 87.5 किलोग्राम एवं डेड लिफ्ट 180 किलोग्राम कुल 447.5 किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में कास्य पदक प्राप्त किया। 69 किलोग्राम वर्ग समूह मे रेशमा देवी ने स्कोट 222.5 किलोग्राम, बेंच प्रेस 105 किलोग्राम एवं डेड लिफ्ट 212.5 किलोग्राम कुल 542.5 किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 74 किलोग्राम वर्ग समूह में जानवी जगदीश सावढेरकर ने स्कोट 227.5 किलोग्राम, बेंच प्रेस 140 किलोग्राम एवं डेड लिफ्ट 195 किलोग्राम कुल 662.5 किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में रजत पदक प्राप्त की, 84 किलोग्राम वर्ग समूह में प्रीति ने स्कोट 180 किलोग्राम, बेंच प्रेस 75 किलोग्राम एवं डेड लिफ्ट 210 किलोग्राम कुल 465 किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में कास्य पदक प्राप्त की।

## खबर संक्षेप

### रासेयो के द्वारा रक्त समूह परीक्षण शिविर



**लखराम** । शास. उ.मा.वि. लखराम में संचालित रासेयो के द्वारा शाला परिसर में रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के 350 व कन्या शाला के 150 छात्रों का परीक्षण किया गया। इस आयोजन में पंच राजेश्वर देवांगन, हंसवाहिनी ब्लड सेंटर अशोक नगर की टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर को सफल बनाने रासेयो कार्यक्रम अधिकारी निर्मल देवांगन, विजय निर्मलकर, रजनी कौशिक, सुशीला पैकरा, अश्वनी निर्मलकर, कु.हर्षिता शर्मा का सहयोग रहा।

### ट्रैक्टर हटाने की बात को लेकर गाली गलौज कर की मारपीट

**तखतपुर**। ट्रैक्टर हटाने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115, 2, 296 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार अराई बंद निवासी आकाश खांडे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11जुलाई को ओपन मंडी के पास शाम करीब 7 बजे ट्रैक्टर लेकर गया था। वहां छोटे लाल उर्फ बानू यादव भी अपना ट्रैक्टर लेकर आया था। जहां ट्रैक्टर हटाने की बात को लेकर छोटे लाल उर्फ बानू यादव मेरे ट्रैक्टर पर चढकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया।

### खुली नाली में गिरने से हो रही मवेशियों की मौत

**मोपका** । मोपका का रोड किनारे बने नाली में कई जगह ढक्कन नहीं लगाया गया है। जगह-जगह खुला छोड़ दिया गया है। जिसमें आए दिन मवेशी गिर जाने से उनकी मौत हो जाती है। पानी निकासी नहीं होने के कारण नाली में पानी भरा रहता है। जिसमें अंधेरे में मवेशी गिर जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है। अतः प्रशासन से जनता ने मांग की है कि खुली हुई नालियों में ढक्कन लगाया जाए।

### मोपका मेन रोड में लगे स्ट्रीट लाइट कई दिन से बंद

**मोपका** । मोपका मेन रोड में लगे स्ट्रीट लाइट विगत कई दिन से बंद पड़ी है। आधी लाइट जलती है। आधी बंद रहती है। नया तालाब चौक से लेकर नहर चौक तक लाइट बंद पड़ी हुई है। इसमें से आधी लाइट फ्युज भी हो चुकी है। जिसका मुख्य कारण रात दिन का जलना है।

### पवन बने चार्टर अकाउंटेंट नगर में हर्ष

**रतनपुर**। धार्मिक नगरी रतनपुर के चित्रसेन गुप्ता व चित्रलेखा गुप्ता



का पुत्र पवन गुप्ता ने सफलता पूर्वक चार्टर अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, ईश्वर, आचार्य शांतनु जोशी महाराज व बहन शिवानी गुप्ता को दिया है।

## निधन

### रामेश्वरी दुबे

**बिलासपुर**। ग्राम पंचायत अमोरा



निवासी रामेश्वरी दुबे पति स्व. रामसनेही दुबे का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जुलाई को गृहग्राम अमोरा में सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे कृष्णा दुबे, अग्नि दुबे एवं अंचल दुबे की मां थीं।

### ईश्वर प्रसाद दुबे

**बिलासपुर**। ग्राम दर्रीघाट निवासी



ईश्वर प्रसाद दुबे का 12 जुलाई को निधन हो गया। वे 100 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दर्रीघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे जानकी बाई दुबे के पति एवं स्व. परमेश्वर दुबे, संतोष दुबे के पिता तथा निधि शर्मा के नाना थे।

### भुवनेश्वरधर दीवान

**बिलासपुर**। ग्राम देवरी पंधी निवासी



भुवनेश्वरधर दीवान (मेलाऊ) का 12 जुलाई शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम देवरी में किया गया। वे पियूष धर शर्मा, श्वेता शर्मा व सपना शर्मा के पिता एवं तुंगेश्वर धर दीवान के बड़े भाई थे।

## सैदा में हाई स्कूल का क्षेत्रीय विधायक ने किया शुभारंभ

# शिक्षित होना विकास की पहली कड़ी : धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

किसी भी क्षेत्र का विकास वहां के शिक्षा स्तर और शिक्षित लोगों की विचारधारा से ही निर्धारित होती है। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षास्तर के उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ-साथ क्षेत्र में विकास कार्य की कमी नहीं होने देंगे। फिर चाहे वो शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, पानी और बिजली जैसी बुनियादी आवश्यकता की पूर्ति ही क्यों ना हो, उन्हें पूर्ण करना मेरी पहली प्राथमिकता में है। अपने तखतपुर के विधायकी कार्यकाल में पहला हाईस्कूल सैदा के लिए स्वीकृत किया हूं ये मेरे लिए भी गौरव की बात है।

ग्राम सैदा एक शिक्षित और प्रतिष्ठित गांव है यहां के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा के बाद आगे पढ़ाई के लिए अन्यत्र जाना पड़ता था। अब इस समस्या से गांव के बच्चों को निजात मिल जाएगी यहां विकास आपकी राय और इच्छा के अनुरूप किया जाएगा। उक्त उद्गार विधायक धर्मजीत सिंह ने ग्राम सैदा में हाई स्कूल का शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। आज ग्राम सैदा में हाई स्कूल का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिपं सदस्य संतोष कौशिक, मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया, अशोक ठाकुर, जनपद सदस्य मथुरा सूर्यवंशी, पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी, सरपंच सरस्वती गढ़ेवाल, पूर्व सरपंच संतोष दुबे, पूर्व मंडल महामंत्री रितेश दुबे, पंच हारून खान, केदारनाथ दुबे, केशव तिवारी, नारायण प्रसाद दुबे, भाजपा नेता दिनेश राजपूत, बाके बिहारी दुबे, बीईओ जितेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि विधायक धर्मजीत सिंह ने क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दिए है। जिस प्रकार भागीरथ ने मां गंगा को धरती पर लाकर पूरे रघुकुल का उद्धार कर दिया उसी तरह विधायक ने हमारे विकास के लिए गंगा बहा दिया है। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रधान पाठक द्वय पूर्व बलिराम रात्रे ने किया।




स्कूल भवन का उद्घाटन करते विधायक धर्मजीत सिंह।

**इनकी रही उपस्थितिः** सूरज मिश्रा, वरुण सिंह, निलेश सिंह, बद्री गढ़ेवाल, राजेश देवांगन, राजकमल साहू, मनोज सोनकर, अमर गुप्ता, सतीश सोनकर, प्रभात साहू, जितेन्द्र सूर्यवंशी, प्रशांत गुप्ता, अक्षय चौहान, सनत श्रीवास, मनोज साहू, अक्षय श्रीवास, सुरेश यादव, संजय यादव, विजय यादव, अक्षय सूर्यवंशी, बालाराम ढुबे, परमेश्वर उईके, शिप्रा सैमुएल, बाला सिंह, संदीप साहू, कैलाश देवांगन, हिमाचल साहू, संतोष गंधर्व, बलीराम रात्रे, शनिमा शेख, मिथलेश चौबे, रीना वर्मा, परितोष शर्मा, यशवंत कुमार कौशिक, योगेश तिवारी, संध्या सक्सेना, पवन कुमार कौशिक, रामभजन सोनकर, रुपेश्वर देवांगन, आरती देवांगन, रामभरोस श्रीवास, हरवंश सूर्यवंशी, अश्वनी मरकाम, शिरीष पटवर्धन, रामकुमारी कश्यप, शालिनी मिश्रा, श्रवण कुमार गंधर्व, किरण नेताम, श्रद्धा सुमन मानिकपुरी, सुषमा लता तिवारी, श्रीधर मिश्रा, आभास श्रीवास, संगीता तिवारी, नवीन शर्मा, अनुराधा आर्य सहित शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

**लेटरपेड में निर्माण कार्यों की दी सौगातः** कार्यक्रम के दौरान धर्मजीत सिंह ने मंच से लेटरपेड में निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की। जिसमें 17 लाख की स्वीकृति में खैराडीह में सड़क हेतु 3 लाख, जूनीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 7 लाख, तिवारीपारा सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 7 लाख महिला समूह हेतु 20 हजार, रामायण मंडली को 15 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## जनता को न्याय और सुरक्षा दिलाना ही पुलिस की प्राथमिकता

आज का दिन मेरे लिए गौरव का रहा। क्योंकि आज मेरे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा का एक केन्द्र सैदा में व सुरक्षा का एक केन्द्र सकर्रा में पुलिस सहायता केन्द्र का शुभारंभ होने जा रहा है। पुलिस हमें 24 घंटे सुरक्षा मुहैया कराती है। आम नागरिक का कर्तव्य है कि उनका सम्मान करें और उनके दिशा निर्देशों का पालन करे। इसी तरह पुलिस का कार्य जनता को न्याय और सुरक्षा दिलाने का है जिसे वे भी बखूबी निभाए। आज से क्षेत्र के ग्यारह गांव के लोगों को तात्कालिक रूप से सकर्रा से ही पुलिस सहायता मिल जाएगी। हिर्री जाने की समस्या नहीं रहेगी।

■ सकर्रा में पुलिस सहायता केन्द्र का शुभारंभ, कलेक्टर व एसपी पहुंचे

उक्त उदगार ग्राम सकर्रा में पुलिस सहायता केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि पुलिस सहायता केन्द्र या थाना कोई अपराध बढ़ने पर नहीं खोला जाता है। इन्हें खोलने का मुख्य उद्देश्य आमजन को अमन चैन से रहने के लिए सुरक्षा मुहैया कराना होता है। मैं उम्मीद करता हुं कि यहां खोले गए नए पुलिस सहायता केन्द्र का उपयोग सहयोग और सहायता के लिए होगा। एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि आमजन की सुविधा और सुरक्षा के लिए यहां पुलिस सहायता केन्द्र का स्थापना की जा रही है। जो आज जनता को समर्पित किया गया। आम नागरिक और पुलिस में आपसी समन्वय होने से इस पुलिस सहायता केन्द्र का सकारात्मक उपयोग होगा और यह इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं सदस्य घनश्याम कौशिक, सकरी मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया, जिला सहकारी बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश तंबोली, अमलेंदु गौरहा, डॉ घनश्याम यादव, पूर्व जनपद सदस्य भोलानाथ तिवारी, राकेश तिवारी, बृजेश निर्मलकर, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णकुमार साहू, राजेश सोनी, अमित मंदानी, सूरज मिश्रा, वरुण सिंह, निलेश सिंह, सरपंच सकर्रा सुशीला मरावी, नवीन कौशिक, मनीष श्रीवास, भूपेन्द्र गौरहा, रामकुमार निर्मलकर, शायमता कौशिक, बृजेश कौशिक, कन्हैया सूर्यवंशी, तुलसी कौशिक, कन्हैया साहू, पुरसोत्तम कौशिक, राजूलाल यादव, नीरद गौराहा, जितेंद्र कौशिक, रामफल निर्मलकर, राजेंद्र साहू, सतीश साहू, सुदीप यादव, अंकुश कर्ष, चंद्रप्रकाश कौशिक, दिलीप श्रीवास, अवधेश तिवारी, प्रहलाद साहू, सरकार मरावी, संतोष दुबे, राजेश देवांगन, राजकमल साहू, अमर गुप्ता, जितेन्द्र सूर्यवंशी, प्रशांत गुप्ता, बंटी चौहान, सतीश सोनकर, शिप्रा सैमुएल, मोहित सिंह, संदीप साहू सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, सीएसपी अनुज कुमार, हिर्री थाना प्रभारी सहित पुलिस दल उपस्थित था।




पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ करते विधायक।

## विकास कार्यों के लिए विधायक मिले सीईओ से

**बिलासपुर**। कोटा व मस्तूरी विकासखंड के अनेक ग्राम में मुक्तिधाम, पंचायत भवन, आंबा भवन, राशन दुकान भवन नहीं है।

मुक्तिधाम, पंचायत भवन, आंबा भवन सहित आवश्यक भवनों का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए विधायक अटल श्रीवास्तव व विधायक दिलीप लहरिया ने जिला पंचायत बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपी चौहान से मुलाकात कर प्रस्तावित मुक्तिधाम सहित आवश्यक भवनों का निर्माण पूर्ण करने कहा। विधायक अटल श्रीवास्तव ने जिपं सीईओ को डीएमएफ मद से पूर्व विधायक द्वारा अनुशंसित विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने व राशि जारी करने हेतु कहा गया। अटल ने कहा कि विकास कार्यों की अनुशंसा पूर्व विधायक ने किया हो या वर्तमान ने, लाभ तो क्षेत्रवासियों को होगा। सीईओ से मुलाकात के दौरान मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी अभय नारायण राय उपस्थित थे।



सीईओ से मुलाकात करते विधायक अटल श्रीवास्तव व दिलीप लहरिया।

### सकरी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**सकरी**। नगर निगम द्वारा वार्ड में जनसमस्या शिविर का आयोजन आत्मानंद स्कूल परिसर में किया गया। शिविर में 62 मांग और समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। नगर निगम प्रशासन द्वारा गुरुवार को सकरी वार्ड क्रमांक 1 में नगर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पेयजल संबंधित 2, लाइट हेतु 3, सड़क, नाली मरम्मत 2, सड़क नाली निर्माण हेतु 10, आवास हेतु 3, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु 1, संपत्तिकर, नामांतरण हेतु 4, भवन निर्माण अनुमति, नियमितीकरण के 2, राशन कार्ड बनाने संबंधी 16, पेंशन सहित अन्य मामलों के 19 कुल 62 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए।

## शॉर्ट सर्किट से 2 लाख नकद सहित सामान राख

**पथरिया** । ग्राम सीलदहा स्थित दुकान में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। आग लगने से नकदी के साथ लाखों का माल जलकर राख हो गया। वहीं दुकान में रखा गैस सिलेंडर भी फट गया।

सूचना पर दमकलकर्मी पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। पथरिया थाना प्रभारी रघुवीर चंद्रा के अनुसार ग्राम सिलदहा के जनरल स्टोर में शुक्रवार की सुबह 10 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दुकानदार सोनू राजमणि कुर्रे के मुताबिक वह दुकान बंद कर परीक्षा दिलाने पथरिया गया हुआ था। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दुकान में रखे लगभग 25 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं दुकान के गल्ले में रखे 2 लाख नकदी भी जलकर खाक हो गया।



शार्ट शर्किट से जला समान।

**जांच कर रहेः** शार्ट शर्किट के कारण आग लगने से 2 लाख नकदी के साथ लाखों का सामान जल गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।
-रघुबीर चन्द्रा, थाना प्राभरी पथरिया

## मारपीट व गुंडागर्दी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार




**बिल्हा**। घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। आरोपियों के द्वारा एक राय होकर प्रार्थी के घर में घुसकर तोडफोड व गुण्डागर्दी किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी मनोहर यादव 10 जुलाई की शाम 5 बजे परछी में बैठा था। तभी बिल्हा निवासी गोलू राठौर, बिट्टू रजक व केसला निवासी टिल्ली ऊर्फ हिमालय व साथी अश्लील गाली गलौज करते हुए घर का दरवाजा तोड़कर घर के अन्दर घुसकर तोडफोड किया। प्रार्थी द्वारा मारपीट करने से मना करने पर आरोपी बिटटू ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरपतार किया। पकड़े गए आरोपियों में गोलू ऊर्फ महेन्द्र राठौर पिता परमेश्वर राठौर उम्र 31 साल, टेगना ऊर्फ राजेन्द्र यादव पिता फिरतू यादव उम्र 32 साल, विक्कू ऊर्फ प्रकाश रजक पिता पवन रजक उम्र 33 साल शामिल है।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल की व्यवस्था सुधारने विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते छात्र नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई जरहागांव द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालय में उचित व्यस्था कराने ज्ञापन सौंपा। जिला मुंगेली में सिर्फ तीन ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड वाले डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल है। जिसमें फुलवारी बिरगांव स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल की स्थिति दयनीय है।

स्कूल में पिछले एक साल से प्राचार्य नहीं है। स्कूल जब से खुला है तबसे आज तक जो भी नए प्राचार्य आते है 2 .4 महीने रहने के बाद उनका ट्रांसफर कर दिया जाता है। स्कूल प्रभारी प्राचार्या के भरोसे छोड़ दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि 15 दिनों के भीतर उचित व्यस्था नहीं होती है तो आभाविप उग्र आंदोलन करेगा। इस अवसर पर जिला संयोजक अतुल साहू, नगर मंत्री राजू बिस्वास, नगर सह मंत्री गोपाल गुप्ता, नगर उप अध्यक्ष पंकज गंधर्व, उत्कर्ष सोनी, पंकज निर्मलकर, सुरेन्द्र साहू, बलराम साहू आदि उपस्थित थे।

### रिजल्ट का स्तर गिरा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष डीएवी फुलवारी की 12 वीं में 20 में से 5 ही बच्चे उत्तीर्ण हुए है। दसवीं में सिर्फ 7 ही बच्चे उत्तीर्ण हो पाए है। बाकी बच्चे पूरक या फेल हो गए है। स्कूल में कंप्यूटर तो है लेकिन क्लास नहीं लगती आदि मुद्दों को लेकर एबीवीपी ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आईटीआई खम्हरिया में वृहद पौधरोपण



**सीपत**। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खम्हरिया के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में वन विभाग द्वारा 150 फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में आईटीआई के प्राचार्य गगन कुमार साहू, हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य शशी किरन किंडो, डिप्टी रेंजर सोठी अब्दुल हफीज खान, मोहम्मद नजीर हुसैन, मोहन लाल पाटनवार, हाजी साबीर खान, कासीम अंसारी, संतोष कुमार लास्की, रोशन खान, एजाज खान, छात्र छात्राओं ने अभियान से जुड़कर पौधे लगाए। नीम और तुलसी के साथ पीपल दुनिया में सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों में से एक है। पीपल के पेड़ प्रदूषकों को सोखकर वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद करते है। गहरी जड़ों वाले पीपल के पेड़ मिट्टी के संरक्षण और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं। डिप्टी रेंजर हाफिज खान ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग से बचाने पौधरोपण जरूरी है।

## खस्ताहाल सड़क से आमजन को हो रही परेशानी, दी आंदोलन की चेतावनी

**पथरिया**। नगर पंचायत पथरिया के अटल चौक से बिजली ऑफिस तक की सड़क जो कि पीडब्लूडी विभाग के अंतर्गत आता है। जहां रोड की हालत एकदम खराब है। जहां सभी सरकारी कार्यालय जनपद पंचायत, पोस्ट ऑफिस, एसडीएम ऑफिस, तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां आम जनता के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारियों का आना जाना रहता है।

■ एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

सड़क का निर्माण नहीं होने से गड्ढों में पानी भर जाता है। आए दिन छोटी मोटी घटना सामने आती है। नगर के वार्ड 11 के युवा योगानंद साहू बताते है कि रोड़ की हालत बेहद खराब है। क्षेत्र के साथ नगर पंचायत पथरिया के सड़क से लगे वार्ड 11, 9, 8 व 15 के ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी कई बार सूचना, मौखिक और लिखित रूप में कलेक्टर व सरकारी अमले को दी जा चुकी है। अजय यादव ने बताया कि बारिश से सड़क फिसलन भरी हो जाती है। मिट्टी गिट्टी ऊपर आ गए है। कब कोई दुर्घटना हो जाए किसी को पता नहीं। अगर रोड निर्माण का कार्य जल्द नहीं हुआ तो आम जनता के साथ छात्र भी आंदोलन के लिए तैयार है। इन्हीं मुद्दों के साथ पथरिया एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।



पथरिया जनपद मार्ग की तस्वीर।

### मरम्मत एक माह नहीं टिकती

खस्ताहाल सड़क को बनाने जब जब मांग की जाती है लोक निर्माण विभाग कोरमपूर्ती करते हुए गुणवत्ताहीन मरम्मत कर देता है। जो एक माह भी नहीं टिकता।

:: नाम परिवर्तन सूचना ::

मैं रवि यादव (Ravi Yadav) उम्र 44 वर्ष पिता Late Sadhu Yadav Village- Nagla kaliyan, Post. Dhiramai, Tehsil-Etah, District- Etah (UP) का हूँ जो कि Offical Address 7 CG BN Ncc, Bilaspur Pin 495001 में कार्यरत हूँ (Last 6 Years) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक बयान करता हूँ 1. यह कि पुत्री Guddy Yadav & Shreshti Yadav जो कि त्रटियुक्त है जबकी इनका सही नाम Guddi Yadav & Shresti Yadav है जो कि हमारे अभिलेखों व आधार कार्ड में दर्ज है। अतः आज से समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों में इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

Ravi Yadav
Village- Nagla kaliyan,
Post. Dhiramai, Tehsil-Etah,
District- Etah (UP)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/अ-2/2023-24
ग्राम- खम्हरिया

शेख अफरोज पिता शेख सिराजुददीन निवासी खम्हरिया तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)..................आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन....................अनावेदक

एतद द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 13 रा.नि.मं खम्हरिया तहसील सीपत जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख अफरोज पिता शेख सिराजुद्दीन निवासी खम्हरिया, तहसील सीपत जिला बिलासपुर द्वारा मौजा खम्हरिया तहसील सीपत जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 175/60 रकबा 0.0176 हे. 1894 वर्गफीट भूमि भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 24/07/24 के लिए नियत है।

अत: जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार सुनील कुमार सोनकर पिता श्री सीताराम सोनकर निवासी लालखदान महमंद बिलासपुर तह, व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिए आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि भूमि स्वामी मनमोहन लाल साहू पिता श्याम लाल साहू निवासी सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) के हक, स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि मौजा बहतराई प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. मोपका तह, व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 196/3 रकबा 0.4050 हे.(1 एकड) भूमि है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा भूमि भूमि स्वामी से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि देकर इकरारनामा निष्पादित कराया गया है। उपरोक्त भूमि का यथाशिघ्र पंजीयन होना है। उक्त सौदे बाबत यदि किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपति हो तो 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

सो सूचना जानें।

भवदीय
विनय कुमार कश्यप
अधिवक्ता
27 खोली विकास नगर ज्योति किराना स्टोर के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मोबा. 9827499301, 6267206100

आम सूचना

विषय: संपत्ति बिक्री हेतु करार

हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि विक्रेता 1. मालिकराम 2. ओमप्रकाश, 3 तरण बंजारे, 4. कृष्णा बाई 5. अश्वनी कुमार गेंदले, 6. हरिशंकर गेंदले 7 हेमलता सेवक, 8. मेहतरु, 9. महेंद्र कुमार, 10. प्रमोद कुमार, 11. मुलायम, 12. महेतरिन, 13. लच्छन कुरें एवम क्रेता श्री शुभम श्रीवास्तवा, अभिषेक पहाड़ी और सौरभ पहाड़ी के बीच संपत्ति विक्रय का पंजीकृत करार वर्ष 2022 से किया गया है। समझौता निम्नलिखित संपत्ति के लिए किया गया है: संपत्ति का विवरण: पता: कृषि भूमि मौजा अरईबंद पं.ह.नं. 57. रा.नि.म. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर: 55/1/क रकबा 1.6880 हेक्टेयर, खसरा नंबर 131 / 2 रकबा 0.8090 हेक्टेयर, खसरा नंबर 250 (शा. 251 / 1 रकबा 0.4540 हेक्टेयर, खसरा नंबर 251/3 रकबा 0.3080 हेक्टेयर, खसरा नंबर 40/2 रकबा 0.2390 हैक्टेयर, खसरा नंबर 59/1 रकबा 0.5430 हेक्टेयर, खसरा नंबर 59 / 3 (शा. 59/4) रकबा 0.5660 हेक्टेयर, खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.8290 हेक्टेयर, खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.8330 हेक्टेयर, खसरा नंबर 61/1 (शा. 61/2 ) रकबा 0.4200 हेक्टेयर, खसरा नंबर 62 रकबा 0.3400 हेक्टेयर, खसरा नंबर 67 रकबा 0.1620 हैक्टेयर, खसरा नंबर 71 रकबा 1.0840 हेक्टेयर, खसरा नंबर 40 / 1 (शा. 2) रकबा 0.2260 हेक्टेयर, खसरा नंबर 59/2 रकबा 0.3400 हेक्टेयर, खसरा नंबर 136 / 2 (शा. 138 / 2 ) रकबा 2.5490 हेक्टेयर, खसरा नंबर 136/4 (शा. 138/3) रकबा 2.5530 हेक्टेयर, हम यह स्पष्ट करना चाहते है कि यह समझौता दोनों पक्षों को सहमति और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार किया गया है किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा इस संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा या हस्तक्षेप करना अवैध और अनैचित होगा ऐसी किसी भी गतिविधि मे शामिल होना उनकी अपनी जोखिम पर होगा, और इस सबंध में उन्हे कोई कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

हम सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध करते है कि वे इस सूचना को गंभिरता से ले और किसी भी प्रकार की भ्रामक गतिविधियों से दूर रहे यदि किसी को इस संबध में कोई संदेह या प्रश्न है, तो 7 दिवस के अंदर हमारे कार्यालय में संपर्क कर सकते है। धन्यवाद

कपिल मैनी (अधिवक्ता )
हाई कोर्ट, छत्तीसगढ़
पता: 2/130 नर्मदा नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
Mob: 9340386800

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत ओपन विवि में लगाए गए 400 पौधे




बिलासपुर। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का शुभारंभ कुलपति बंश गोपाल सिंह ने पौधरोपण कर की। अभियान के तहत कुलपति सहित प्राध्यापकों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों ने परिसर में 400 पौधे लगाए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर धरती को हरीतिमा से आच्छादित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वृक्ष, प्रकृति का हम सबको प्रदत्त सबसे अनुपम उपहार है। पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार है। एक पेड़ मां के नाम हम पौधे लगाकर अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं। धरती मां के लिए यह हमारी प्रतिबद्धता का सूचक है। उन्होंने कहा कि जो भी पौधे लगाए उनका संरक्षण भी करें। अपने आसपास के लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि आज करीब 400 पौधों का रोपण किया गया है, वहीं सोमवार से सैकड़ों फलदाई पौधों लगाए जाएंगे। कुलसचिव भुवन सिंह राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू किया गया यह अभियान अनूठा है।

### सांसद बृजमोहन पहुंचे शहर, सोमनाथ ने गुलदस्ता भेंटकर किया सम्मान



बिलासपुर। भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल 12 जुलाई को बिलासपुर पहुंचे। यहां राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट सीएल चंद्राकर, जिला सचिव स्काउट गाइड विजय यादव एवं सहायक जिला संगठन आयुक्त महेंद्र बाबू टंडन ने स्कार्फ पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ ने राज्य में चल रहे स्काउट, गाइड गतिविधियों तथा 18 जुलाई को उनकी अध्यक्षता में रायपुर में आयोजित राज्य परिषद के शपथ ग्रहण समारोह व आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी।

### भागवत कथा में शामिल हुए टाह पौधरोपण कर किया प्रेरित



बिलासपुर। राष्ट्रीय गौवंश सेवक संघ 108 कुंडीय कामधेनु एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ गौ भागवत कथा का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को अनिल टाह शामिल हुए। आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया। देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान पौधारोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य संरक्षक महमन्द्लेश्वार स्वामी ब्राम्हान्द गिरी महराज जूना अखाड़ा यज्ञ प्रमुख अनिल पाण्डेय, कथा वाचक अमर कृष्णा शास्त्री वृंदावन, स्वामी जलपा नाथ महराज आयोजन समिति के प्रमुख धीरज मुदलियार, अनिल पंत, मनीष दीक्षित, प्रशांत तिवारी, गौरव पाण्डेय, शांतनु पाण्डेय, जनार्दन तिवारी, संत दिनेश कछवाहा, अनिल सिंह, भारत यादव, पिंटू जायसवाल आदि मौजूद थे।

### आदीश ने हासिल की सीए की डिग्री माता-पिता व गुरुजनों को दिया श्रेय



बिलासपुर। स्व. प्रकाशचंद्र जैन 'पीपी जैन एंड कंपनी' के पौत्र आदीश जैन पिता अतुल जैन ने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट की डिग्री हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।

### बिना कारण अलार्म चैन पुलिंग करने वाले 1569 व्यक्तियों से वसूला जुर्माना



बिलासपुर। दपूमरे के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा तीनों रेल मंडल बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में यात्री ट्रेनों की समयबद्धता को देखते हुए अलार्म चैन पुलिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दपूमरे के मंडल प्रबंधक ने बताया कि इसके तहत सभी बड़े स्टेशनों में पीए सिस्टम से यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। यात्रियों को बिना उचित एवं पर्याप्त कारण के अलार्म चैन पुलिंग करने पर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई 1569 व्यक्तियों पर 4 लाख 18 हजार जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रेनों की समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए जोनल स्तर पर प्रतिदिन अलार्म चैन पुलिंग की घटनाओं का विश्लेषण कर तीनों मंडलों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वर्ष 2024 में बिना उचित एवं पर्याप्त कारण के चैन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि बिना उचित एवं पर्याप्त कारण के अलार्म चैन पुलिंग करने वाले 1569 व्यक्तियों पर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 4 लाख 18 हजार की जुर्माना राशि वसूल किया गया। रेल प्रशासन यात्रियों से बिना उचित एवं पर्याप्त कारण के अलार्म चैन पुलिंग नहीं करने की अपील की है।

# शहर के सभी चौक चौराहों पर स्टापर लगाकर सुधारे गए लेफ्ट टर्न

बिलासपुर। एसपी के निर्देश के बाद शहर के सभी चौक चौराहों पर लेफ्ट टर्न में खड़े होने वाले ई रिक्शा व आटो चालकों को खदेड़कर स्टापर लगाकर व्यवस्था सुधारी गई है। अब सभी चौह चौराहों पर आराम से लेफ्ट साइड से वाहन निकल जाएंगे।

पिछले दिनों एसपी रजनेश सिंह शहर में भ्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया था, इस दौरान पता चला कि लेफ्ट टर्न में स्टापर सही तरीके से नहीं लगने से लोग लेफ्ट साइड में गाड़ी लेकर खड़े हो रहे हैं, जिससे लेफ्ट टर्न लेने वाले लोगों को मजबूरी में रूकना पड़ रहा है।

एसपी श्री सिंह ने ट्रैफिक एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नल के लेफ्ट टर्न सुधारने का निर्देश दिया। उसके बाद एएसपी श्री चंद्राकर के द्वारा शहर के ट्रैफिक सिग्नल का भ्रमण कर नेहरू चौक, सत्यम चौक, अग्रसेन चौक सहित अन्य चौक चौराहे पर लेफ्ट साइड में स्टापर लगाकर लेफ्ट साइड को सुधारा गया है। अब सभी चौक चौराहे पर आसानी से लेफ्ट साइड से वाहन निकल जाएंगे।

नेहरू चौक




सत्यम चौक



अग्रसेन चौक



मंदिर चौक



**ई रिक्शा व आटो चालकों को खदेड़ा**

एएसपी श्री चंद्राकर ने महाराणा प्रताप चौक पर सवारी उतारने व बैठाने वाले ई रिक्शा व आटो चालकों को खदेड़ा है। चालकों को चौक पर गाड़ी खड़े करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। वहीं बस ड्राइवरों के चौक से दूर गाड़ी खड़ी कर सवारी उतारने व चढ़ाने की समझाइश दी गई है।

**लेफ्ट टर्न पर लगाया गया स्टापर**

सभी चौक चौराहों पर लेफ्ट टर्न में स्टापर लगाकर बढ़ाया गया है। अब उसमें केवल लेफ्ट साइड जाने वाले वाहन ही निकल पाएंगे। महाराणा प्रताप चौक में आटो व बस वालों को खड़ा नहीं करने की हिदायत दी गई है। **-नीरज चंद्राकर**, ट्रैफिक एएसपी

### मछली-मटन मार्केट की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

# समस्या निवारण शिविर में समस्याओं की बौछार, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे जनसमस्या निवारण शिविरों में बड़ी संख्या में लोग समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। यहां उनकी छोटी और जरूरी समस्याओं का त्वरित निदान किया जा रहा है। वहीं कलेक्टर अवनीश शरण एवं निगम आयुक्त अमित कुमार ने शुक्रवार को 27 खोली, जरहाभाठा एवं टिकरापारा में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। ये शिविर नगर के भिन्न-भिन्न वार्डों में 10 अगस्त तक जारी रहेगी।

कलेक्टर श्री शरण ने शिविरों में पहुंच रही समस्याओं की प्रकृति एवं उनके निदान की जानकारी ली। उन्होंने समस्या लेकर पहुंचे कुछ लोगों से चर्चा की। एक-एक अधिकारियों के टेबल पर पहुंचकर समस्याओं के निदान प्रक्रिया को समझा। उन्होंने इन सभी आवेदनों का पंजी में दर्ज करने के निर्देश दिए ताकि फालो-अप किया जा सके। ज्यादातर लोग राशन कार्ड को लेकर आवेदन देने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यथासंभव आवेदन का मौके पर ही समाधान किया जाए।



शिविर में आम लोगों के बीच खड़े रहे कलेक्टर अवनीश शरण व अन्य अधिकारी।

**राशन कार्ड, पेंशन, नामांतरण, आवास, के मामले अधिक**

कलेक्टर ने बताया कि शिविर में लोग बड़ी उम्मीद के साथ पहुंच रहे हैं। यदि कोई आवेदन नियम कायदों में फिट नहीं बैठता तो विनम्रता पूर्वक मार्गदर्शन दें। उन्होंने बताया कि शिविरों में राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नामांतरण,सम्पति कर, लाइट,राजस्व प्रकरण, आवास, सड़क एवं नाली निर्माण, भवन निर्माण अनुमति, कचरा कलेक्शन आदि से संबंधित समस्याओं के आवेदन अधिक मिल रहे हैं।

**मछली मार्केट का किया निरीक्षण**

कलेक्टर अवनीश शरण ने तोरवा के मछली एवं मटन मार्केट का भी निरीक्षण किया। विक्रेताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने परिसर की रोज साफ-सफाई करने और गेट में लाइट लगाने के निर्देश दिए। परिसर में स्थित टॉयलेट की सफाई कर इसे चालू करने के निर्देश दिए। थोक मछली बाजार के लिए बने दुकानों को भी देखा। आवश्यक मरम्मत कर शनिचरी बाजार में संचालित थोक मछली बाजार को यहां स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।



### खलीफा उमरे ऐसे शासक थे, जो रात को गश्त कर लेते थे दीन दुखियों की जानकारी

बिलासपुर। उसकी देन कमेटी द्वारा मोहर्रम के मौके पर शोहदा-ए-करबला तकरीरी जलसे के चौथे दिन मेरठ उत्तर प्रदेश के अल्लामा मौलाना रहमतुल्ला ने तकरीर दी। उन्होंने बताया कि उस दौर के खलीफा उमरे फारूख ऐसे शासक थे, जब लोग सो जाते थे, तब जनता के लिए रात को गश्त कर दीन दुखियों की जानकारी लेते थे। सुबह अपने दरबार में बुलाकर उनकी समस्या का समाधान करते थे। उनसे आजकल के रहनुमाई करने वालों को सिख लेनी चाहिए। इसी तरह रमजानी बाबा दरगाह परिसर में मुंबई की आलीमा मैसरजहां ने बताया कि करबला के मैदान में इमामे हुसैन अगर हाथ उठाकर दुआ मांग लेते तो आसमान के दो टुकड़े हो जाते, पर उन्होंने दुनिया को संदेश देने के लिए यजिद के अराजकता के खिलाफ जंग का एलान कर अपने 72 साथियों के साथ शहीद होना पसंद किया, पर यजिद से समझौता नहीं किया। आज के कार्यक्रम में कमेटी के शेख नजीरूद्दीन, हाजी गय्यूर हुसैन, एस ए कादिर, सलीम,अबरार बाबा, निसार, जफर आगा, जफर सिटीमेन, ईंसान अली, रज्जाक बड़े, सत्तार, प्यारू,आरिफ बेग, कलीम आटो, जावेद,फारुख, दुलारे, प्यारे, खालिद, नासीर नवाब, मूसा,बबली, विक्की, निसार, शफिक साबरीन, आदिल, सद्दाम, सरफराज, जफर, एखलाक अली, सारिक, शेरू पेंटर, मंझला, इकबाल, राजू अकंल, अशद अली, नईम के सांथ मस्जिदों के इमामो खतीब मोदरींश के साथ प्रबुद्ध जनों, बुजुर्ग औरते बच्चे मौजूद थे।

# सीयू को यूजीसी से मिली उच्चतम श्रेणी की स्वायत्तता

बिलासपुर। गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय की नैक में ए प्लस प्लस रैंकिंग की उपलब्धि में एक और सितारा जुड़ गया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व, कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शिता में तीन वर्षों के अथक परिश्रम एवं सतत प्रयास के परिणामस्वरूप गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा उच्चतम केटेगरी वन की स्वायत्तता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को प्रदान की गई केटेगरी वन की स्वायत्तता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि यह गौरव का पल है जबकि छत्तीसगढ़ के एकमात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार की स्वायत्तता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान, नवाचार के साथ कौशल विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं। हम सभी को साथ मिलकर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए निरतंर समन्वित प्रयास करने होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दिनांक 25 जून को आयोजित 581वीं बैठक में आयोग ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को केटेगरी 1 की स्वायत्तता प्रदान किए जाने का निर्णय किया।



- ए प्लस प्लस रैंकिंग के बाद एक और उपलब्धि जुड़ी

**केटेगरी वन की स्वायत्तता से मिलेंगे ये लाभ**

विश्वविद्यालय में यूजीसी की पूर्व अनुमति के बिना नवीन पाठ्यक्रम, विभाग अथवा केन्द्र की स्थापना की जा सकेगी। विश्वविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ऑफ कैंपस केन्द्रों की स्थापना करने की स्वतंत्रता होगी। नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत कौशल आधारित पाठ्यक्रम के साथ डिप्लोमा, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने में आसानी होगी। निजी क्षेत्र के सहयोग के साथ शोध पार्क, इंक्यूबेशन केन्द्र आदि प्रारंभ करने में विश्वविद्यालय सक्रियता से प्रयास कर सकेगा।

**वर्ल्ड रैंकिंग संस्थानों से विदेशी शिक्षकों को कर सकेंगे नियुक्त**

टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग एवं क्यूएस रैंकिंग में प्रथम पांच सौ की संस्थानों से विदेशी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय सक्षम होगा। विदेशी छात्रों को निर्धारित सीट संख्या के ऊपर प्रवेश प्रदान किया जा सकेगा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक क्षेत्र में अपने कार्यों में अति दक्ष शिक्षकों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्धारित वेतनमान के अतिरिक्त मानदेय प्रदान किए जाने का प्रावधान होगा। विश्व की 500 सर्वश्रेष्ठ अकादमिक संस्थानो के साथ यूजीसी की पूर्व अनुमति के बिना एमओयू किया जा सकेगा एवं ओपन एंड डिस्टेंस पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने की स्वायत्तता होगी।

### 14 जुलाई तक चलेगा प्रवेश, 15 प्रतिशत से अधिक सीटें भरी

# कालेजों में दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद बढ़ी एडमिशन की गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कालेजों में फर्स्ट ईयर के लिए दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद एडमिशन की गति बढ़ी है। दूसरी लिस्ट में जिन छात्र-छात्राओं के नाम आए हैं, उन्हें 14 जुलाई तक एडमिशन लेना है। अभी कालेजों ने पोर्टल लॉक नहीं किया है, इसलिए एडमिशन का वास्तविक आंकड़ा नहीं आया है, फिर से 15 फीसदी से ऊपर सीटों पर एडमिशन हो गया है।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आनलाइन रजिस्ट्री के बाद जो लिस्ट कालेजों को भेजी गई थी, उसमें मेरिट निकालने के बाद कालेजों द्वारा दूसरी लिस्ट जारी कर दी गई है और दूसरी लिस्ट वाले छात्र-छात्राओं को 14 जुलाई तक कालेज में एडमिशन लेना है। दूसरी लिस्ट में कटऑफ कुछ नीचे गया है, इसलिए एडमिशन की गति बढ़ गई है। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध 125 कालेजों में फर्स्ट ईयर की 32 हजार 350 सीटें हैं जिनमें से अभी लगभग 15 फीसदी सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है। दूसरी लिस्ट के एडमिशन तिथि समाप्त होने तक यह आंकड़ा बढ़ जाएगा। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा 18 जून से अपने पोर्टल में यूजी फर्स्ट ईयर के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया गया था और 3 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसमें लगभग 29 हजार से अधिक फ्रेशर स्टूडेंट्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था।

पहली लिस्ट में जनरल कैटेगरी में कटऑफ काफी हायर गया था और साइंस ग्रुप में 90 प्रतिशत के आसपास कटऑफ रहा, जबकि कामर्स में 80 प्रतिशत एवं आर्ट्स में 70 प्रतिशत के आसपास कटऑफ गया था।

**पहली सूची में कटऑफ 90 प्रतिशत के करीब रहा**

**बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज**

बीए — 69.4 प्रतिशत
बीकाम — 79.2 प्रतिशत
बीएससी मैथ्स — 81.2 प्रतिशत
बीएससी बायो — 79.8 प्रतिशत
बीएससी माइक्रो — 82.4 प्रतिशत
बीएससी बायोटेक — 83.4 प्रतिशत
बीएससी सीएस — 78.8 प्रतिशत

**सीएमडी कालेज**

बीए — 84.0 प्रतिशत
बीकाम — 72.8 प्रतिशत
बीएससी बायोटेक — 87.2 प्रतिशत
बीएससी मैथ्स — 76.2 प्रतिशत
बीएससी माइक्रो — 80.6 प्रतिशत
बीएससी बायोकेमे. — 84.6 प्रतिशत
बीएससी बायो — 80.6 प्रतिशत

**डीपी विप्र कालेज**

बीए — 68.4 प्रतिशत
बीकाम — 74.83 प्रतिशत
बीएससी बायो — 78.4 प्रतिशत
बीएससी माइक्रो — 78.0 प्रतिशत
बीएससी मैथ्स — 83.0 प्रतिशत
बीएससी सीएस — 80.8 प्रतिशत

**आत्मानंद इंग्लिश कालेज**

बीए — 70.6 प्रतिशत
बीकाम — 83.2 प्रतिशत
बीएससी मैथ्स — 79.0 प्रतिशत
बीएससी कंप्यूटर — 78.8 प्रतिशत

**गवर्नमेंट जेपी वर्मा कालेज**

बीए — 73.6 प्रतिशत
बीकाम — 81.8 प्रतिशत
बीएससी कंप्यूटर — 84.6 प्रतिशत
बीएससी बायो — 83.0 प्रतिशत
बीएससी माइक्रो — 81.6 प्रतिशत

## बिजनेस प्लस

### श्रीशिवम की तोड़-फोड़ महासेल में हो रही जमकर खरीदारी



बिलासपुर। मध्य भारत के प्रमुख शहर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जबलपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा में अपनी भव्यता और विशाल वस्त्रों की रेंज के लिए श्री शिवम शोरूम अपनी विशेष पहचान रखती है। मेन, वूमेन और किड्स सहित पूरे परिवार के लिए हर उत्सव, त्यौहार और अवसरों के लिए खरीदारी की खुशियां यहां मौजूद हैं। हर वर्ष चलने वाली तोड़फोड़ महासेल का प्रमुख आकर्षक परिधानों के प्रसिद्ध नेशनल व इंटरनेशनल ब्रांड्स की रेंज के कारण श्री शिवम में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ती है। फैशन अपेरल्स के सभी ब्रांड्स पर 50% से अधिक के ऑफर का फायदा ग्राहकों को दिया जाता है। महिलाओं के लिए साड़ी, गाऊन, लहंगा, पार्टी वियर, कोट, सूट, टाक्सूडो, शेरवानी के बड़े ब्रांड्स पर 50% तक की छूट का ऑफर ग्राहकों को लुभा रहा है। किड्स वियर की विशाल रेंज 50% की छूट के साथ ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। इस बार की तोड़ फोड़ महासेल में उपलब्ध आकर्षक आफर्स में पूमा, मांटे कार्लो, लेविस, जेक एंड जोंस पर 50%तक, वान ह्यूस्टन व रेअर रैबिट ब्रांड पर 40% तक की छूट के साथ ही, बाय टू, गेट टू फ्री में एरो,पार्क एवेन्यू तथा बाय वन, गेट वन फ्री आफर में रूकीज, स्पाइडर एवं मुफ्ती जैसे प्रसिद्ध ब्रांड ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। श्री शिवम द्वारा अपने संस्थान में ग्राहकों को सर्वोच्च माना जाता है। ग्राहकों की संतुष्टि के साथ श्री शिवम में नैतिक व्यवसायिक मूल्यों से उनकी खरीदारी की सर्वोत्तम खुशियां देना ही श्री शिवम की खासियत है। इन्हीं मापदंडों को ध्यान में रखकर श्री शिवम में प्रतिवर्ष तोड़फोड़ महासेल आयोजित की जाती है।

### शैल वस्त्रालय के लूटमार सेल ऑफर का लाभ उठाने मची होड़



बिलासपुर। सत्यम चौक मसानगंज रोड स्थित शैल वस्त्रालय में विभिन्न प्रकार के परिधान खरीदने लोगों की होड़ लगी हुई है।

इस सुनहारे मौसम में वहां लूटमार सेल ऑफर अप टू 50% आफ ऑफर को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। 4 जुलाई से लूट मार सेल ऑफर की शुरुवात हुई है और पहले ही दिन से लोगों ने जमकर खरीदारी शुरू कर दी है। डायरेक्टर विवेक गुप्ता ने बताया कि वर्ष भर में वे अपने ग्राहकों के लिए कुछ न कुछ नया करते रहते हैं। अच्छी खरीदी पर उपहार भी दी जाती है।

इस बार लूटमार सेल में हर प्रकार के ड्रेस इंडोवेस्टर्न, वन पीस, डिज़ाइनर सूट एवं कुर्ती, जींस टॉप, डिज़ावर साडी, वैवाहिक साड़ी लहंगा, घाघरा चुनरी सभी प्रकार के परिधान उपलब्ध हैं। ताबड़तोड़ ऑफर का लाभ उठाने शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोग बड़ी संख्या में खरीदी करने आ रहे हैं।

## एजुकेशन प्लस

### एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के बच्चों ने जाना फ्रॉड से बचने के उपाय




बिलासपुर। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल रामतला में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेतना कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर पाठशाला का आयोजन 12 जुलाई को किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से मुख्य अतिथि के रूप में टीआई नवीन कुमार देवांगन, दुर्गेश यादव, थाना कोनी थे।

इस वर्कशॉप में एवीएम के चेयरमैन डा. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एसके जनास्वामी, प्रिंसिपल जीआर मधुलिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जागृति खर्डेनवीस एवं अपूर्वा तिवारी ने किया।वर्कशॉप में टीआई कोनी नवीन देवांगन ने साइबर में हो रहे अपराधों की जानकारी बच्चों के साथ साझा की। साइबर की दुनिया और उससे जुड़े अपराधों के बारे में बताते हुए टीआई ने इंटरनेट, स्मार्ट फोन और उसके फंक्शन, एप के माध्यम से होने वाली क्राइम तथा मिस्ड कॉल और ओटीपी के माध्यम से होने वाले फ्रॉड के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के प्रति सजग रहने और साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सवाल जवाब के माध्यम से साइबर क्राइम संबंधी जानकारी प्राप्त की। बच्चों को आए दिन होने वाले अपराधों के प्रति सचेत करते हुए कई रियल लाइफ उदाहरण देकर समझाया कि कैसे कई पढ़े लिखे लोगों के साथ ऐसे फ्रॉड हो चुके हैं, इसलिए सभी बच्चे इंटरनेट का उपयोग बहुत सतर्कता के साथ करे। ऑनलाइन भुगतान किसी बड़े के साथ ही करे। विद्यालय के चेयरमैन डा. अजय श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग को साइबर पाठशाला लगाने के लिए स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। बच्चों द्वारा साइबर क्राइम को कम करने में सहयोग करने का संकल्प लिया गया।

## खबर संक्षेप

### रतनपुर में नहीं थम रहा डायरिया, मिला बैक्टीरिया

**बिलासपुर**। रतनपुर में डायरिया नहीं थम रहा है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कैंप आयोजित किया जा रहा है और नोडल अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र में सर्वे भी किया जा रहा है, लेकिन रतनपुर क्षेत्र के आसपास मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए सैंपल और जांच में पानी में इकोलाई बैक्टीरिया मिलने की पुष्टि हुई है, जिसके बाद विभाग ने जांच करने का तरीका भी बदल दिया है। इस दौरान जिले में पीड़ति मरीज घटे हैं, लेकिन कोटा रतनपुर में 45 मरीज अभी भी एक्टिव मरीज हैं। वहीं मस्तूरी के जुनवानी में 1 और बिल्हा में 4 मरीज मिले हैं। बिल्हा के गुमा, नेवसा और पदनपुर में मरीज मिल रहे हैं। वहीं 4 मरीजों का इलाज सिम्स अस्पताल में जारी है। ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 29 मरीजों का इलाज जारी है।

### आईटीआई कोनी में प्लेसमेंट कैम्प 16 को

**बिलासपुर**। आईटीआई कोनी में जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 16 जुलाई को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसाय के उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष आयु सीमा के पुरूष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 16 जुलाई को सुबह 10 बजे उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

### आंबा सहायिका भर्ती आवेदन 4 अगस्त तक

**बिलासपुर**। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत वार्ड क्र. 60, 20, 45 एवं 30 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर आवेदन 18 जुलाई से 4 अगस्त तक आमंत्रित है। इच्छुक आवेदिका बंद लिफाफे में सीधे या पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती हैं। रिक्त पदों की जानकारी पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर के कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर**। तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, सकरी निवासी लक्ष्मण चक्रधारी गुरूवार की रात पारिवारिक काम से हांफा गए थे। काम निपटाने के बाद वे बाइक क्रमांक सीजी 10 एनबी, 52058 से घर लौट रहे थे। शांति नगर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 13 एपी, 3378 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 से उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने प्रहलाद प्रजापति की रिपोर्ट पर कार ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिजली खंभों से गैंग कर रहा तार चोरी

**बिलासपुर**। मस्तूरी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग के कई खम्बों को गिराकर अज्ञात चोर द्वारा लाखों रुपए के बिजली तार की चोरी को अंजाम दिया है। जिसकी शिकायत जेई ने थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार जेई आकाश पांडेय ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा है कि 8 से 9 जुलाई की रात बकरकुदा मल्हार के पास अज्ञात लोगों के द्वारा 15 स्पान 33 केवी विद्युत कंडक्टर को चोरी किया गया है। इससे पहले भी क्षेत्र के ग्राम खैरा में अज्ञात चोरों के द्वारा 4 स्पान 11 केवी के कंडक्टर तार की चोरी की गई है। विभाग को 7 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी क्षेत्र में लंबे समय से गिरोह सक्रिय है जो ऐसे जगहों पर नजर रखता रहा है, जहां नए खंबे लग रहे हैं और सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जानकारों के अनुसार इसमें बिजली ठेकेदारों के किसी कर्मचारी का हाथ है, वाहन की ठोकर से खंबों को गिराकर तार की चोरी की जाती है। चोरी में लाखों का माल पार कर दिया जा रहा है।

**कलेक्टोरेट के सड़क पर गाड़ियां**



पास ही मल्टीलेवल पार्किंग होने के बाद भी लोग कलेक्टोरेट के सामने ही गाड़ियां पार्क करते हैं।

**एसपी कार्यालय वाली सड़क**



एसपी कार्यालय जाने वाली सड़क पर भी लोग गाड़ियों को अव्यवस्थित तरह से पार्क करते हैं।

**रजिस्ट्री कार्यालय जाने वाली सड़क**



रजिस्ट्री कार्यालय वाली सड़क पर गाड़ियां खड़ी रहती है जिससे गुजरना मुश्किल हो जाता है।

### सड़क पर खड़ी रहती हैं गाड़ियां और बिल्डिंग खाली, ऐसे में कैसे सुधरेगी बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था

# 17 करोड़ की मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ी हो रही 10 कार, 16 बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट में 16 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से मल्टी लेवल पार्किंग बनाया गया है। दावा किया गया था कि शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके में बनी इस मल्टी लेवल पार्किंग से ट्रैफिक की समस्या दूर हो जाएगी लेकिन, उद्घाटन के बाद से बिल्डिंग खाली और कलेक्टोरेट परिसर से लेकर सामने सड़क पर गाड़ियां खड़ी रहती है। यहां औसतन रोजाना 10 कारें और 16 बाइक खड़ी रहतीं हैं। कभी कम या ज्यादा हो जाता है लेकिन पार्किंग आमतौर पर पूरा खाली ही रहता है। गाड़ियां भी सरकारी कर्मचारी ही पार्क करते हैं।

- 40 करोड़ में बन रही तीन और पार्किंग पर भी सवाल

निजी व्यक्तियों द्वारा इसका उपयोग लगभग नहीं के बराबर है। अब कोतवाली में 25 करोड़, पुराने बस स्टैंड में 11 करोड़ और जिला कोर्ट परिसर में 7 करोड़ में बन रही मल्टीलेबल पार्किंग की उपयोगिता पर सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर करोड़ों रुपए फूंकने के बाद शहरवासी कितना और किस तरह इसका उपयोग कर सकेंगे।शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्ततम इलाका नेहरू चौक-कलेक्टोरेट और उसके आसपास पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए नगर निगम ने स्मार्ट सिटी के फंड से 16 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाई है। तब प्रशासन ने दावा किया कि अब कलेक्टर और एसएसपी ही नहीं, सभी अफसरों और कलेक्टोरेट परिसर आने-जाने वाले हर व्यक्ति की गाड़ी वहीं पार्क कराई जाएगी। हरिभूमि ने जब इस पार्किंग के रजिस्टर का अवलोकन किया तो पाया कि रोजाना पार्क होने वाले वाहनों की संख्या 20 तक भी नहीं पहुंच रही है। बीते दिनों दोपहर के समय भी 14 कार और 18 बाइक ग्राउंड फ्लोर पर पार्क थीं। फर्स्ट फ्लोर और सेंकेंड फ्लोर तो बिलकुल ही खाली था। इस पार्किंग पर ध्यान दे तो मल्टी लेवल कार पार्किंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो फ्लोर और बनाया गया है। जिसमें 257 कार और 333 बाइक पार्किंग की क्षमता है। हालांकि इसके शुरू होने के बाद जिला प्रशासन सहित आसपास के विभागों के अधिकारी अपनी गाड़ी कलेक्टोरेट परिसर में ही खड़ी करते हैं।

**कलेक्टोरेट परिसर** जिम्मेदार और जवाबदार ही ऐसा करेंगे तो आम लोगों का क्या?



### 245 लोगों ने नाम लिखवाया, गाड़ी लेकिन सड़क पर

इस पार्किंग के बनने के दौरान 245 सरकारी कर्मचारियों ने गाड़ी खड़ी करने के लिए सहमति देते हुए पार्किंग के रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराया था। इसके साथ ही 22 लोगों ने 200 रुपए का मंथली पास भी ले लिया है लेकिन गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी करते हैं। या फिर यह वाहन मंथन सभा कक्ष के सामने, एसपी आफिस के सामने या टाउन हाल में खड़ी होतीं हैं। ऐसे में स्थिति पहले की जैसी ही है और सड़कों पर ही गाड़ियों की पार्किंग की जा रही है। एक स्टाफ ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों को इस पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के लिए कई बार मौखिक और पत्र लिखकर कहा गया है लेकिन कोई नहीं आता।

### टाउन हाल के बाजू की सड़क से गुजरना मुश्किल

कलेक्टोरेट के सामने मेन रोड पर कार और बाइक की पूरे दिन लाइन लगी रहती है। यहां उन्हें मना करने के लिए न तो पुलिस तैनात है और न ही उन्हें कोई रोकने वाला रहता है। बीच में कभी कभार कार्रवाई जरूर होती है। इस सड़क पर दोपहर बाद स्थिति यह हो जाती है कि नगर निगम के टाउन के बाजू वाली सड़क किनारे लाइन से कार व बाइक खड़ी रहती है, जिसके कारण लोगों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। कलेक्टोरेट में धरना-प्रदर्शन और रैली हो तो वाहनों की कतारें लग जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है।

### बस स्टैंड के अंदर गाड़ी खड़ी करने कौन जाएगा

पुराना बस स्टैंड में 10 करोड़ 90 लाख रुपए खर्च कर कार पार्किंग बनाई जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि मुताबिक शहर के मध्य एक सर्वसुविधायुक्त मल्टीलेवल कार पार्किंग की जरूरत महसूस की जा रही थी, पुराना बस स्टैंड में कार पार्किंग सुविधा शुरू हो जाने से यह कमी पूरी हो जाएगी। हालांकि सवाल है कि बस स्टैंड में कोई बड़ा सरकारी आफिस, शापिंग काम्प्लेक्स या माल नहीं है। इसलिए लोग घंटों यहां गाड़ी खड़ी क्यों करने जाएंगे वह भी मुख्य सड़क से अंदर के परिसर में।

### ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद

तीनों मल्टीलेवल पार्किंग के बन जाने के बाद यहां एक साथ एक हजार कार और चार हजार बाइक पार्क की जा सकेगी। इससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद भी है। गाड़ियों को इन पार्किंग में रखने के सख्ती के साथ ही लोगों को जागरूक और प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

**- राजकुमार मिश्रा**
जीएम, स्मार्ट सिटी

## कलेक्टर व निगम कमिश्नर ने पुराने बस स्टैंड में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर अवनीश शरण ने शुक्रवार को निगम कमिश्नर अमित कुमार के साथ पुराना बस स्टैंड में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। पुराना बस स्टैंड वाली जगह के एक हिस्से में स्मार्ट सिटी द्वारा आटोमेटेड शटल टाइप मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने कार्य प्रगति का रिपोर्ट लेते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

- मल्टीलेवल पार्किंग का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी की टीम और निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पुराने बस स्टैंड परिसर का घूमकर मुआयना किया और वर्तमान में परिसर के अंदर और बाहर का क्या उपयोग किया जा रहा है और कहां जगह खाली है आदि जानकारी ली। पुराना बस स्टैंड में जो खाली जमीन है उसके एक हिस्से में स्मार्ट सिटी तहत आटोमेटेड शटल टाइप मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण कार्य अभी चल रहा है इसलिए इस काम को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा इमलीपारा जंक्शन निर्माण का भी कलेक्टर ने जायजा लिया। स्मार्ट सिटी द्वारा यहां पर काम्पलेक्स और चौड़ी सड़क बनाया जा रहा है जिसके तहत काम्पलेक्स निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है और नींव डालने की प्रक्रिया चल रही है।



# शनिचरी बाजार की दो दुकान सील

**बिलासपुर**। नगर निगम द्वारा अव्यवस्थित और ट्रैफिक में बाधा बन चुके बाजारों को व्यवस्थित करने की मुहिम तहत शुक्रवार को शनिचरी बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। निगम द्वारा अवैध निर्माण के कारण दो दुकानों को सील कर दिया गया है, वहीं 12 दुकानों के बांस-बल्ली शेड को हटाया गया है।

शनिचरी बाजार में दुकान के बाहर अवैध रूप से शेड लगाने से आवागमन अवरूद्ध हो रहा था और सड़क पर हमेशा जाम लगता था। इसलिए नगर निगम अतिक्रमण शाखा की टीम द्वारा आज कार्रवाई करते हुए 12 दुकानों के बांस, तालपत्री वाले शेड को हटाया गया है। इसी तरह बिना अनुमति के नियम विरूद्ध निर्माण के कारण दो दुकानों को सील कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए दुकान के बाहर अवैध रूप से सामान रखने वाले लगभग 40 दुकानदारों को निगम की टीम ने अंदर रखवाया है। उन दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि बाहर रखने पर सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा 55 दुकानदारों को निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने नोटिस दिया गया है। दुकानदार दुकान के बाहर अपना सामान रखते हैं और बांस-बल्ली से शेड बनाए हुए हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न होता है और लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

### 55 दुकानदारों को निगम ने जारी किया नोटिस शनिचरी बाजार को व्यवस्थित करने मुहिम



शनिचरी बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करती नगर निगम की टीम।

### ठेलों के लिए स्थान चिहांकित

नगर निगम ने आज शनिचरी बाजार में कार्रवाई करते हुए सड़क पर ठेले लगाकर ट्रैफिक जाम करने वाले सभी ठेले को हटवाया और दोबारा सड़क पर ठेले नहीं लगाने की चेतावनी दी है। नगर निगम द्वारा इन ठेले व्यापारियों के लिए रपटा के उस पार चांटीडीह में स्थान चिहांकित किया है और वाल्मिकी चौक की तरफ पानी टंकी के पास स्थान चिहांकित किया है, जहां पर इन ठेला संचालकों को ठेला लगाने को कहा गया है, ताकि ट्रैफिक समेत अन्य परेशानियां न हो। इन स्थानों पर निगम ने लाईटिंग की भी व्यवस्था की है। सबसे व्यस्त और अव्यस्थित बाजार का रूप ले चुके शनिचरी बाजर को व्यवस्थित करन में नगर निगम जुटा हुआ है। इसी तारतम्य में अव्यवस्थित रूप से दुकान, ठेला लगाने वालों को व्यवस्थित किया जा रहा है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और दुकानदारों को बाजार के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन की समझाइश भी दी जा रही है।

## पटवारियों की हड़ताल से आम जनता परेशान

**बिलासपुर**। एक तरफ शासन की ओर से राजस्व मामलों को निपटाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं, दूसरी ओर पटवारी संघ अपनी 32 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चला गया है। इसकी वजह से आम आदमी आय, जाति, निवास, नामांतरण सहित अन्य कार्यों के लिए परेशान है, आम लोगों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करते हुए उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। इसके साथ ही लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी बीच विभागीय अधिकारियों से पटवारियों की चर्चा हुई है लेकिन हड़ताल जारी है। पटवारी और तहसीलदा अपनी मांगों के लिए हड़ताल पर है लेकिन इससे परेशान आम लोगों को होना पड़ रहा है। पटवारी 8 जुलाई से काम बंद कर धरने पर बैठे हैं तो बुधवार से शुक्रवार तक तीन दिनों तक तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने काम नहीं किया। इससे राजस्व का कामकाज पूरी तरह से ठप रहा है। तहसीलों में कोई काम नहीं हो रहा तो भीड़ भाड़ वाला आफिस खाली ही रहा। इससे ग्रामीण, किसान और छात्र काफी परेशान हो रहे हैं। सीमांकन, नामांतरण से लेकर कई मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी और तिथि आगे बढ़ाने पड़ गई। लोगों को लौटना पड़ गया। बिलासपुर के किसी भी तहसील में एक भी प्रकरण की सुनवाई नहीं हो सकी। इस हड़ताल से जिले के कई तहसीलों में सन्नाटा पसरा रहा। सीमांकन, नामांतरण आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा सहित 10 से अधिक प्रकार के काम पूरी तरह से प्रभावित हो गए हैं।

- 250 से ज्यादा पटवारी परिवीक्षा अवधि में, फिर भी हड़ताल में शामिल

## 3 करोड़ की ठगी के आरोपी पिता पुत्र की जमानत अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परिवार का भरोसा तोड़कर व्यवसाय में 3 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले फरार आरोपी पिता- पुत्र की अग्रिम जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज होने के बाद से दोनों फरार हैं।

सिंधी कालोनी निवासी परसराम बजाज ने अपने भाई रमेश कुमार बजाज के साथ मिलकर वर्ष 2012 में नयन फैशन और 2019 में बजाज इंटरप्राइजेस के नाम से संस्थान खोला। इसमें नयन फैशन की देखरेख उनके भाई रमेश और भतीजा नवीन बजाज करते थे। नवीन पढ़ा लिखा था, इसलिए दोनों संस्थान के बैंक का काम उसे सौंप दिया गया था। नवीन ने फर्जी हस्ताक्षर से बैंक में लिमिट बढ़वा ली और अलग अलग बैंक से व्यापार के लिए रकम निकालकर हड़प लिया। यह रकम लगभग 3 करोड रुपए बताई जा रही है। इस दौरान नवीन ने परिवार के सदस्यों के फर्जी दस्तखत कर बहुत से दस्तावेज तैयार कर लिए और हेराफेरी की।जानकारी होने पर परसराम बजाज ने भाई व भतीजे से पूछताछ की तो उन्होंने पैसा लौटा देने का आश्वासन देकर इकरारनामा किया। उसके बाद दोनों पिता पुत्र शहर छोड़कर भाग गए और पैसा लौटाने में टालमटोल करने लगे। पुलिस ने परसराम बजाज की रिपोर्ट पर दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया, परन्तु 1 सप्ताह बाद भी पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इधर एफआईआर होने की जानकारी होने पर पिता पुत्र ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई। द्वतीय अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार महोबिया ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तथा विवेचना के प्रारंभिक स्तर को देखते हुए पिता रमेश कुमार बजाज, पुत्र नीवन बजाज की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दी है।

- मामला दर्ज होने के बाद से दोनों फरार

### निगम आयुक्त ने जारी किया आदेश, संविदा कर्मचारियों में मचा हड़कंप

# रिटायर्ड 12 कर्मचारियों की संविदा नियुक्ति पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में संविदा नियुक्ति पर अब रोक लग गई है। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार द्वारा शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है, जिसके बाद से संविदा में काम करने वाले कर्मचारियों में हडकंप मचा हुआ है। नगर निगम में रिटायरमेंट के बाद करीब 12 कर्मचारी संविदा में काम कर रहे हैं।

नगर निगम कमिश्नर द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश के बाद निगम में संविदा आधार पर कार्यरत कर्मचारियों में आज पूरे दिन हड़कंप मचा रहा, क्योंकि इस आदेश के बाद संविदा में नौकरी करने वालों पर खतरा मंडराने लगा है। नगर निगम में संविदा नियुक्ति पर रोक के संबंध में जो आदेश दिया गया है, उसमें साफ कहा गया है कि संविदा नियुक्ति की अवधि समाप्त होने के बाद भी विभाग प्रमुख द्वारा यदि उनसे कार्य लिया जाता है, तो इसके लिए संबंधित विभाग प्रमुख जवाबदेह होंगे। इसका मतलब यह है कि वर्तमान में नगर निगम में जो कर्मचारी संविदा में काम कर रहे हैं, उनकी संविदा अवधि समाप्ति की तिथि तक वे कार्य करेंगे, उसके बाद उनकी संविदा नियुक्ति का समय नहीं बढ़ाया जाएगा। वर्तमान में निगम में 12 कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद संविदा में काम कर रहे हैं, जिनमें से एक-दो कर्मचारी की संविदा अवधि समाप्त हो गई है और अब उनको संविदा सेवावृद्धि नहीं दी जाएगी।

दूसरी ओर बाकी जो संविदा कर्मचारी काम कर रहे हैं, वे संविदा अवधि पूरा होने तक काम करते रहेंगे, लेकिन अवधि पूरा होने के बाद उन्हें घर बैठना पड़ेगा। निगम में संविदा नियुक्ति के लिए रिटायर कर्मचारियों की भीड़ बढ़ती जा रही थी। रिटायर होते ही कई कर्मचारी संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन लगाए थे।

### संविदा में काम कर रहे ये कर्मचारी

नगर निगम में रिटायरमेंट के बाद 12 कर्मचारी संविदा में कार्यरत हैं। इनमें से सहायक ग्रेड टू मुजर हुसैन का संविदा समाप्त हो गया है वे 31 जनवरी 2022 में रिटायर होने के बाद से विधि, संपदा शाखा में काम कर रहे थे। इसी तरह जोन चार में कार्यरत राजस्व उप निरीक्षक अखिलेश शुक्ला 30 जून 2021 को रिटायर होने के बाद से संविदा में काम कर रहे हैं और उनकी संविदा भी समाप्ति की ओर है। इसके अलावा लेखा शाखा में कार्यरत सहायक ग्रेड टू रामसुंदर मिश्रा 31 अक्टूबर 2019 को रिटायर होने के बाद से संविदा में काम कर हैं। जोन एक में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक साहेबलाल यादव 31 जनवरी 2022 को रिटायर होने के बाद से संविदा में कार्यरत हैं। निगम के एकाउंट शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड थ्री चन्द्रशेखर यादव 31 जून 2021 को रिटायर हो चुके हैं और तब से संविदा में काम कर रहे हैं। सुपरवाइजर विजय मुदलियार 31 मार्च 2017 को रिटायर हुए थे।

### चेक किया जाएगा रिकार्ड

नगर निगम में जारी अब प्लेसमेंट व कंसल्टेंट एजेंसी के माध्यम से कार्य करने वाले कर्मचारियों का आपराधिक रिकार्ड चेक किया जाएगा। निगम कमिश्नर के आदेश में इस संबंध में भी उल्लेख करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि प्लेसमेंट, कंसल्टेंट एजेंसी के माध्यम से कार्य करने वाले कर्मचारियों के कोई आपराधिक प्रकरण तो नहीं है।

### वित्त विभाग की स्वीकृति जरूरी

नगर निगम में संविदा नियुक्ति के संबंध में आदेश जारी हुआ है, जिसके तहत संविदा में कार्यरत कर्मचारियों की संविदा अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें फिर से संविदा में नहीं रखा जाएगा। संविदा नियुक्ति के लिए शासन के वित्त विभाग की स्वीकृति जरूरी होगी।

**-खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में अभिषेक व शिर्वाचन 22 से

**बिलासपुर**। नगर के सदर बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में 22 जुलाई से भगवान सांबसदाशिव का अभिषेक पूजन व शिर्वाचन प्रदोष काल में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि जो भी भक्त अपने प्रियजनों के नाम से पूजन कराना चाहते हैं वे संपर्क कर सकते हैं। यह पूजा 19 अगस्त शाम 5 बजे से की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### 3 नए कानूनों के संबंध में जन जागरूकता लाने दी जानकारी



**गौरेला- भरींडांड़।** 3 नए कानूनों बीएनएस, बीएनएसएसऔर बीएसए के संबंध में जन जागरूकता लाने के लिए जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में पुलिस नियंत्रण कक्ष गौरेला के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, उप पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक निकिता तिवारी ने प्रस्तुतिकरण के जरिए नए कानूनों में किए गए मुख्य परिवर्तन एवं विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता लाने प्रचार-प्रसार रथ किया रवाना



**मुंगेली।** जनसंख्या वृद्धि को रोकने व परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरुकता लाने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। जिसका स्लोगन ''विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान'' है। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट परिसर से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के सफलता के लिये परिवार कल्याण प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन अपनाने लोगों को जागरूक करने के लिए पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिससे लोगों में निश्चित रूप से जागरूकता आएगी।

### आत्मानंद स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र में विधिक जागरूकता शिविर



**मुंगेली।** विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्ष चन्द्र कुमार अजगल्ले के मागदर्शन में स्वामी आत्मानंद स्कूल पथरिया और आंगनबाड़ी केन्द्र करही में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के सचिव कंचन लता आचला ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। उन्होंने विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिका और स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

### नशीले इंजेक्शन का परिवहन कर रहे आरोपी व सहयोगी गिरफ्तार



**गौरेला।** बाइक से नशीले पदार्थ का परिवहन कर बाइक सवार की तलाशी पुलिस को 66 नग एम्पुल कुल और वायल इंजेक्शन 66 नग मिला। मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि गौरेला निवासी वक्कार खान साथी अमीन खान के साथ बाइक अवैध नशीला पदार्थ छिपाकर करंगरा के रास्ते आ रहा है। सूचना पर टीम तैयार कर भेजा गया। जहां संदेही वक्कार खान साथी अमीन खान के साथ बाइक नंबर CG 10 AY 0890 में आते मिला। तलाशी करने पर उनके पास से नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। पुलिस ने खरीडबरा के पास ग्राम धनौली में धारा 21, 22(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### बीएसएनएल की संभागीय स्तर पर बैठक बिलासपुर में

**पेंड्रा ।** बीएसएनएल की संभागीय स्तर पर आज बिलासपुर में टीएसी मेंबरों की बैठक में प्रशांत मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग की सुविधा और समस्याओं के बारे में सुझाव दिया। विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में 4 g टावर के प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई और आने वाले समय में सुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिलाया गया। बैठक में बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़ संभाग के अधिकारी और टीएसी मेंबर उपस्थित थे।

विधायक ने अध्ययनरत युवाओं से मुलाकात कर बातें सुनी

# जिला ग्रंथालय प्रतियोगियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा : पुन्नुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे प्रतिभागियों व अध्ययन में रूचि रखने वालों के लिए शासकीय जिला ग्रंथालय मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला ग्रंथालय में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अध्ययनरत युवाओं से मुलाकात कर उनकी बातें सुनी। ग्रंथालय में होने वाली असुविधाओं को तत्काल दूर करने व जनसहयोग से और भी अत्याधुनिक बनाए जाने की बात उन्होंने कही।

जिला ग्रंथालय में 328 लोगों का पंजीयन किया गया है। ग्रंथालय में लगभग 3500 किताब उपलब्ध है। सुबह 8 से रात 8 बजे तक दो पालियों में इसका संचालन किया जा रहा है। सदस्यों की संख्या ज्यादा हैं, ऐसे में दो पालियों में लाइब्रेरी का संचालन किया जाता है। हालांकि अध्ययन करने वालों के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है, वे दिन भर बैठकर यहां पर ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। कोई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटा है तो कोई देश-दुनिया की ताजा घटनाओं से रूबरू हो रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा तैयार यह लाइब्रेरी युवाओं के बौद्धिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है।



अध्ययन में जुटे युवा वर्ग के साथ विधायक।

बीआरसाव स्कूल परिसर में लाइब्रेरी में शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। लाइब्रेरी परिसर में अलग-अलग विषयों की 3500 पुस्तकें हैं। इसमें कला, विज्ञान, गणित, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कानून, मोटिवेशनल, मेडिकल, अध्यात्म, प्रतियोगी परीक्षाओं के स्टडी मटेरियल के साथ अन्य विषयों की पुस्तकें शामिल हैं। इसके अलावा साहित्य जगत, उपन्यास और ख्यातिलब्ध लेखकों की पुस्तकों का भी विशेष संग्रह रखा गया है। इसी तरह डिजिटल लाइब्रेरी में 4 कम्प्यूटर हैं। इसमें स्टडी मटेरियल उपलब्ध है। ग्राम झगरहट्टा व पेण्डाराकापा के प्रतियोगियों ने बताया कि लाइब्रेरी में पानी व के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि लाइब्रेरी में असुविधाओं को तत्काल दूर किया जाए।

**तत्काल दूर किया जाएगा**

शासकीय जिला ग्रंथालय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक नई दिशा मिली है। इसमें आने वाली असुविधाओं को तत्काल दूर किया और जनसहयोग से और भी अत्याधुनिक बनाया जाएगा।

**-पुन्नूलाल मोहले,** विधायक मुंगेली

# अमृत सरोवर से बदली काठाकोनी की तस्वीर



**तखतपुर ।** मनरेगा के तहत अमृत सरोवर बनने से ग्राम काठाकोनी की तस्वीर अब बदल गई है। ग्रामीणों को निस्तारी के साथ ही सिंचाई सुविधा का एक अन्य विकल्प मिलने के साथ ही मछली पालन कर किसान अपनी आय में भी वृद्धि कर रहे हैं। तालाब के मेंढ़ में पौधरोपण कर मृदा संरक्षण की दिशा में एक कदम बढ़ाया है।

- ग्रामीणों को मिली निस्तारी की सुविधा, मछली पालन से बढ़ी आमदनी

तखतपुर विकासखंड का ग्राम पंचायत काठाकोनी जहां के किसान अपनी सफलता की कहानी दूसरों को बता कर उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि अमृत मिशन के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य ग्राम सभा में अनुमोदित करते हुए प्रस्तावित किया गया। तालाब गहरीकरण कार्य 4.5 एकड़ के क्षेत्र में विस्तृत है, जिसका निर्माण ग्रामवासियों के सामुदायिक उपयोग एवं मछली पालन कर आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए करवाया गया। साथ ही आसपास के खेतों में जल आपूर्ति भी की जा रही है। मवेशियों के लिए पेयजल व निस्तारी को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों द्वारा अतिरिक्त श्रम करते हुए कार्य पूर्ण किया गया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन देते स्वास्थ्य कर्मी।

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित मिरी व कौशलेश तिवारी, एनएचएम संघ प्रदेश संगठन प्रमुख डॉ. रविशंकर दीक्षित, पूरन दास के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष अमित दुबे के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया था। लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक इसका लाभ प्राप्त नहीं मिला है। जिसके कारण कर्मचारियों में लगातार रोश व्याप्त है। उक्त मांग को लेकर संविदा कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें सघ के भुवन साहू, अवि साहू, पवन निर्मलकर, योगेश सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## मितानिनों के खातों में सीधे भुगतान करने की हुई शुरुआत

**पेंड्रा ।** मितानिन प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खाते में भुगतान की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेण्ड्रा में की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, अध्यक्षता पार्षद राकेश चतुर्वेदी ने की व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.मिंज थे। नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि कोरोना काल में मितानिनों के द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। जिस मेहनत और लगन से आप लोग काम करते हो उसके हिसाब से हम शासन से मांग करेंगे कि आपको उचित मानदेय दिया जाए। अध्यक्ष जालान ने सभी मितानिनों को शासन द्वारा सीधे उनके खाते में मानदेय प्राप्त होने की बधाई भी दी।

## जनपद उपाध्यक्ष दिव्या का जन्मदिन व सालगिरह समर्थकों ने उत्साह के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनपद उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा का जन्मदिन उनके समर्थकों व जनपद सदस्यों ने उत्साह के साथ मनाया। जनपद पंचायत तखतपुर में सभी जनपद सदस्य व जनपद पंचायत के लोगों ने उनके जन्मदिन और सालगिरह पर केक काटकर बधाई दी।

इस अवसर पर अपने शुभचिंतकों को दिव्या नितेश मिश्रा ने कहा कि आप सभी के द्वारा दिए गए इस स्नेह का मैं शुक्रगुजार हूं। आप लोगों ने जो मेरे प्रति स्नेह और प्यार जताया है यहीं मेरी असली कमाई है। हम लोगों के बीच में जो एक सौहार्द्र पूर्ण वातावरण काम के दौरान और इसके बाद भी बना हुआ है। यहीं हम सब के लिए सबसे अच्छी बात है। जुगल किशोर कौशिक, शिवेंद्र कौशिक, रवि



जन्मदिन मनाते हुए।

सोनी, विनोद यादव, राजेंद्र खण्डे, मथुरा सूर्यवशी, योगेश साहू, अश्वनी कौशिक, रामकुमार पटेल, सूरज पटेल, सुभाष बंजारे, संतोष राजपूत, भोलू सिंगरौल, भारत मरकआम, संतोष कश्यप, अजय यादव, नरेंद्र कश्यप, हीरा सिंग गोड़, पुरशोत्तम मारकम, सलीक़ यादव, अशोक साहू, परमानंद बघेल, शेखर पोरते, प्रकाश पाटले शामिल हुए। फ़ोन पर बधाई देने विधायक धर्मजीत सिंह सहित राजेश्वरी जुगल कौशिक, संतोष कौशिक, राकेश तिवारी, संदीप मिश्रा, राकेश दुबे गोलू जितेंद्र दूबे, गोलू यादव, राजेश देवांगन, अमर गुप्ता राजकमल साहू, रमेश सोनी, अजीत तिवारी आकाश श्रीवास, विनोद श्रीवास, अविनाश तिवारी सुनील श्रीवास, बुट्टी यादव, सूरज यादव, मनोज गुप्ता, मनीष एंग्लो विकी यादव, सूरज मिश्रा, महेंद्र कौशिक अन्य शामिल हैं।

## आनलाइन पेंशन सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आभार पोर्टल में आनलाइन पेंशन प्रविष्टि हेतु तकनीकी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने विभागवार लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने आभार पोर्टल में संयुक्त संचालक लेखा कोष पेंशन द्वारा की गई आपत्ति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को प्रकरणों में दर्ज आपत्तियों का निराकरण 15 दिन में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय



जांच, न्यायालयीन प्रकरण तथा वसूली के प्रकरण छोडकर शेष सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सेमरसल मिडिल स्कूल में बाल कैबिनेट का किया गया गठन, प्रीति बनी पीएम

**लोरमी।** सेमरसल स्कूल में सृजनात्मक व अन्य व्यक्तिगत गुणों का विकास के दृष्टि से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली अपनाते हुए सभी बच्चों को मताधिकार का प्रयोग कराते हुए एक-एक पदों पर छात्रों के बीच से प्रत्याशी चुने गए। उन्होंने कुछ देर अपना प्रचार अभियान भी चलाया फिर एक-एक कर बच्चे वोटिंग किए। जिसको ज्यादा मत मिला उन्हें सर्वसम्मति से विजयी घोषित किया गया। इस प्रकार प्रधानमंत्री के रूप में कुमारी प्रीति कश्यप चुनी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक राजकुमार कश्यप ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों में अनेक नैसर्गिक गुणों का विकास होता है। इस समय पर समुदाय के साथ मिलकर शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों के भीतर स्वच्छता, सेवा, सहयोग, समस्या समाधान करने का भाव, पर्यावरण जागरूकता के लिए नशे के विरुद्ध अभियान, पोषण, पढ़ाई लिखाई सामुदायिक स्वास्थ्य तथा अन्य अनेक गुणों को उनके अंदर पिरोने के लिए यह प्रयोजन बहुत ही कारगर सिद्ध हो रहा है। साथ ही साथ कम उम्र से ही बच्चे एक दूसरे का सहयोग करने गांव को परिवर्तन के राह पर ले जाने अपना सुंदर सुखद भविष्य निर्माण करने की दृष्टि से एक अच्छे अवसर के रूप में भी लेते हैं।

## कोल इंडिया अनुषांगिक कंपनियों की रेटिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने अपने अनुषांगिक कंपनियों की रेटिंग वित्तीय वर्ष 2021- 22 जारी कर दी है। 20 जून को आयोजित हुई कोल इंडिया बोर्ड की 453वीं बैठक में स्कोर के आधार पर रेटिंग तय की गई थी।

अनुषांगिक कंपनियों की रेटिंग के आधार पर कोयला अधिकारियों को पीआरपी भुगतान होगा। पीआरपी के रूप में अधिकारियों को मोटी रकम मिलेगी। यह वेतन के अतिरिक्त है, जो साल में एक बार प्रदर्शन के आधार पर दी जाती है। जिस कंपनी की जो रेटिंग है, उस कंपनी के अधिकारियों को उसी अनुरूप पीआरपी का भुगतान किया जाएगा। पीआरपी के रूप में डेढ़- दो लाख से सात- आठ लाख तक कोयला अधिकारियों को मिलेंगे। जून में ही भुगतान कर दिया जाएगा। एक्सीलेंट वाली कंपनियों के अधिकारियों को सबसे ज्यादा आर्थिक लाभ पीआरपी के तौर पर होगा। इसके बाद वैरी गुड और फिर गुड रेटिंग वाली कंपनियों के अधिकारियों को रकम मिलेगी।

**कंपनीवार स्कोर एवं रेटिंग (वित्तीय वर्ष 2021- 22)**

| कंपनी | स्कोर | रेटिंग |
|---|---|---|
| एसईसीएल | 69.67 | गुड |
| ईसीएल | 61.46 | गुड |
| बीसीसीएल | 88.93 | वेरी गुड |
| सीसीएल | 91.99 | एक्सलेंट |
| एनसीएल | 96.26 | एक्सलेंट |
| डब्ल्यूसीएल | 90.14 | एक्सलेंट |
| एमसीएल | 95.18 | एक्सलेंट |
| सीएपीडीआईएल | 93.56 | एक्सलेंट |

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों पर दावा-आपत्ति 26 तक आमंत्रित

**मुंगेली।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 2 अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों पर 26 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि सहायिकाओं के पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की मूल्यांकन सूची जारी की गई है। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 2 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया पौधारोपण



**तखतपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड चार में पौधारोपण किया गया। नेता प्रतिपक्ष टेकचंद कारड़ा ने पौधारोपण किया। उन्होंने बताया कि आगामी दिवस पर वृहद अभियान चलाकर नगर में पौधारोपण किया जाएगा। जिसमें सभी वर्ग को शामिल किया जाएगा तथा सभी विभाग द्वारा सहयोग कर नगर में हरियाली लाने के लिए कार्य किया जाएगा। पर्यावरण को सरंक्षित करने का दायित्व हम सभी का है। क्योंकि एक एक पेड़ से ही सभी इसमें अपनी सहभागिता देकर इस कार्य में जुटे हुए हैं। महिला व बाल विकास विभाग के परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिला शक्ति के नाम पर जिला परियोजना अधिकारी तारकेश्वर सिन्हा तखतपुर परियोजना अधिकारी अमित भारत के निर्देशन में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक माधवी चंद्रा, संगीता कौशिक, कार्यकर्ता सरिता ठाकुर, शीतला तिवारी, चंद्रप्रकाश, छोटू इंडुआ उपस्थित रहे।

## स्काऊटस, गाइडस, वन मंडल का वृहद पौधरोपण



**पेंड्रा ।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ, वन मंडल तथा भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल व वार्ड 10 घाटापारा गौरेला में पौधरोपण का कार्य किया गया। जिले के शासकीय, अशासकीय स्कूलों, बचरवार, मिश्रीदेवी, सेजेस सेमरा, पुत्री शाला, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के स्काऊटस, गाइड व प्रभारी ने मिलकर पौधा लगाने का कार्य किया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री के निर्देशन में हुआ। जिला संघ भारत स्काऊटस एवं गाइडस के अंबुज कुमार मिश्र, अर्चना समुएल मसीह, अभिषेक कुमार शर्मा, विमल रोहणी, कृष्णपाल उइके, विजय कुमार तिवारी, पुरुषोत्तम धृतलहरे, मीनू देवांगन व ऑक्सफोर्ड स्कूल के डायरेक्टर विकास त्यागी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र विद्यानगर में पौधरोपण

**पेंड्रा ।** जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम आंगनबाड़ी केंद्र विद्यानगर में नगर पंचायत पेंड्रा के पार्षद रमेश साहू सपत्नीक अपनी मां के नाम से पौधरोपण किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र की परियोजना अधिकारी दीप आनंद बेक, पर्यवेक्षक कुसुम कांता, इक्का ललता ओटी, अन्नूबाला सिंह, सुमन तिवारी, सुनीता रजक, सकीला बेगम, मास्टर अथर्व उपस्थित थे।

लक्ष्य दम्पत्ती सम्मेलन का आयोजन

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जाएगा 24 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में ''जिला स्तरीय लक्ष्य दम्पत्ति सम्मेलन'' का आयोजन किया गया।

अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या वृद्धि को रोकने तथा परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 जुलाई से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में मितानिनों की भूमिका सबसे




किट प्रदान करते अधिकारी।

महत्वपूर्ण है। आप सभी जिले में बेहतर कार्य करते हुए अपना लक्ष्य हासिल करें। लोगों को जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक करें।सम्मेलन में नवविवाहित लक्ष्य दंपत्ति को उपहार स्वरूप नयी पहल किट एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मितानिनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रवि देवांगन ने परिवार नियोजन संबंधित चर्चा की और लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## दिव्य भारत युवा संघ का विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला

**पेंड्रा ।** दिव्य भारत युवा संघ दिया जीपीएम मंडल के द्वारा 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर सरकारी पारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनसंख्या नियंत्रण क्यों आवश्यक विषय पर कार्यशाला व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी पारा विद्यालय के 10 वीं, 11वीं, 12वीं के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। प्रतियोगिता में अनुज रजक वार्ड 2 ने प्रथम, कुमारी प्रीति सलाम द्वितीय एवं सुखदेव पोर्ते तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों छात्रों को गायत्री मिशन युवा संगठन दिया के प्रमुख सदस्य के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके पश्चात कार्यशाला में सभी प्रमुख वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यशाला में ओमप्रकाश बलभद्रे, आनंद साहू, मथुरा सोनी, कृष्ण कुमार रजक, प्रमोद कुमार यादव, सुनीता तिवारी, नासिर खान, महाराज पैकरा, देवचरण कश्यप, सुनीता बलभद्र, सुनीता रजक आदि उपस्थित थे।